दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर .....

भविष्य में बच्चे .....

वर्ष : 11 | अंक : 343 | लखनऊ, 03 दिसम्बर, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**



अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g



चांदी 96/ g



सेंसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10



**खबर संक्षेप**

### बस में आग से 3 जिंदगियां हो गईं स्वाह

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले की सुबह चीख-पुकार और एंबुलेंस के सायरन की आवाज के बीच हुई। यहां एक निजी बस सोनौली से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब 4 बजे कोई कुछ समझ पाता, गाड़ी ने आग पकड़ ली। यात्रियों को बाहर निकाला गया। 3 लोगों की सांसें मौके पर ही थम गईं। जबकि, 25 यात्री घायल हो गए।



### बीटेक छात्र ने 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी जान

**सूरत।** देश के जाने-माने इंजीनियरिंग संस्थान सरदार वल्लभभाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सूरत में 30 नवंबर की कंप्यूटर साइंस के थर्ड ईयर के छात्र अद्वैत नायर ने हॉस्टल से कूदकर जान दे दी। वह केरल का रहने वाला था। उसके माता-पिता ओमान में रहते हैं। वह भाभा भवन बॉयज हॉस्टल की एच नंबर बिल्डिंग में रहता था।



### दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन मिलाप' में 84 को मिलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता और अपहृत 84 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया। इनमें 30 बच्चे भी शामिल हैं। यह आंकड़ा नवंबर महीने का है। इसके साथ ही इस वर्ष जिला पुलिस द्वारा बचाए गए कुल लोगों की संख्या 1,201 तक पहुंच गई है, जिसमें 399 बच्चे और 882 वयस्क शामिल हैं।



## रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुजरात के सडली में किया बड़ा दावा

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू, सरदार पटेल के प्रस्ताव ने उन्हें रोका

### पटेल ने तुष्टिकरण की राजनीति कभी नहीं की


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने इसे रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार पटेल की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच को आगे बढ़ा रही है।

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया।राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया।

उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

गुजरात के सडली गांव में 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में पटेल की भूमिका को बताया



### कुछ राजनीतिक ताकतों ने पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया।

### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया

कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने।

### कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो ...

राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन उकसाए जाने पर जवाब देना अच्छी तरह जानता है।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है। 'यूनिटी मार्च' सरदार पटेल के 150वें जन्म वर्ष पर करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित किया गया है।

### सवाल से ट्रेनी आईएएस हो गए हैरान

**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 600 से अधिक आईएएस तैयार हो रहे हैं। हाल ही में एलबीएसएनएए में 100वें फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह हुआ। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान ट्रेनी आइएएस को शुभकामनाएं दीं। सब सही चल रहा था, लेकिन प्रोग्राम के बीच गणित के एक सवाल कुछ देर के लिए सभी को हैरान कर दिया। रक्षा मंत्री ने मंच से कहा कि समाज के चैलेंज से निपटने में आपका बहुत बड़ा रोल है। आपको सिर्फ कानूनों और नियमों के लेटर या टेक्स्ट को ही ध्यान में रखकर काम नहीं करना है, बल्कि उनकी स्पिरिट को भी ध्यान में रखकर काम करना है।

## चुनाव से पहले ममता का रिपोर्ट कार्ड

# 14 साल के हिसाब में खेला 2 करोड़ नौकरी वाला दांव



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी चुनावी मोड में आ चुकी हैं। ममता ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान राज्य में दो करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।

वर्ष 2011 से सत्ता में कायम अपनी सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केंद्र द्वारा धन रोके जाने से पहले मनरेगा, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क निर्माण में लगातार चार बार देश में शीर्ष पर रहा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोजर चला दिए।

### केंद्र ने नहीं किया भुगतान फिर भी कार्य नहीं रुके

बंगाल की सीएम ममता ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्य का बकाया भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी विकास गतिविधियां जारी रखीं। हमने नौ करोड़ लोगों को कवर करने वाली 'खाद्य साथी' खाद्य सुरक्षा योजना पर एक लाख करोड़ रुपए और सात करोड़ लोगों के लिए 'दुआरे राशन' पर 1,717 करोड़ रुपए खर्च किए। बेनर्जी ने दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले 14 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में बजटीय आवंटन छह गुना बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अब विभिन्न क्षेत्रों में शेष भारत के लिए एक आदर्श बन गया है।

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

ममता के मुताबिक वर्तमान में 2.2 करोड़ से ज़्यादा महिलाओं को लक्ष्मी भंडार से मासिक सहायता मिल रही है। पिछले 14 वर्षों में 99 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त परिवारों को पेयजल कनेक्शन मिले हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोजर चला दिए।

**एसआईआर ड्यूटी के मृतक कर्मियों को 2 लाख देगी सरकार**

बेनर्जी ने उन 39 लोगों के परिवारों के लिए वित्तीय मदद का ऐलान किया, जिनकी एसआईआर ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी या फिर उन्होंने तनाव में आकर आत्महत्या कर ली थी। बेनर्जी ने कहा कि इन 39 दुखी परिवारों में से हर एक को 2 लाख रुपए मिलेंगे, जिसमें 4 बूथ लेवल ऑफिसर भी शामिल हैं।

## रोहिंग्याओं पर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# घुसपैठियों के लिए भी रेड कार्पेट चाह रहे, अर्जी को किया खारिज

### अदालत ने पीआईएल पर तल्ख टिप्पणी की

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, याचिका में कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और इस मामले में केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई को टाल दिया।

कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर जताई थी चिंता



### आपको नहीं मालूम- गैरकानूनी रह रहे

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप जानते हैं वे घुसपैठिए हैं। भारत के उत्तरी बॉर्डर बहुत संवेदनशील हैं। देश में क्या हो रहा है। अगर कोई यहां गैरकानूनी ढंग से आया है, तब भी आप उनके लिए रेड कार्पेट चाहते हैं। वे सुरंगों के जरिए घुसते हैं और फिर आपके खाने, निवास के अधिकारी, बच्चों की शिक्षा आदि के अधिकारी हो जाते हैं। क्या हम कानून का दायरा इस तरह खींचना चाहते हैं? ऐसे मामलों में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हीबस कॉर्पस) जैसी मांगें करना काफी काल्पनिक बात है।

### बंगाल पुलिस का फरमान

### 72 घंटे के अंदर राज्य छोड़ो, थमाया अल्टीमेटम

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के कई मुस्लिम युवक सालों से ओडिशा के नयागढ़ और आसपास के जिलों में कारोबार करते हैं। ये लोग वहां अपने दोपहिया वाहनों पर गांव-गांव और शहर-शहर जाकर कंबल, मच्छड़दानी और ऊनी कपड़े बेचते हैं। आपस में ये लोग बांग्ला में बात किया करते थे, यही बात वहां की पुलिस को नागवार लग गई। पुलिस ने उन्हें रोहिंग्या और बांग्लादेशी बताकर 72 घंटे के अंदर ओडिशा छोड़ने का फरमान थमाया है। उधर, ओडागांव पुलिस ने पिछले हफ्ते 4 मुस्लिम युवकों को ओडिशा छोड़ने का आदेश दिया था।

### *ट्रायल में देरी हैरान करने वाला मामला*

*सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगे से जुड़े मुकदमे पर सुनवाई के दौरान गुलफिशा फातिमा के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आरोपी लगभग छह साल जेल में बिता चुकी हैं। सिंघवी ने कहा कि ट्रायल में देरी हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये काफी हैरान करने वाला मामला है।*

## सीएम रेड्डी के बिगड़े बोल

# हिंदू देवताओं का उड़ाया मजाक एक भगवान पियक्कड़ों के...

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपने बयान पर विवाद में फंसते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि रेड्डी ने हिंदू धर्म में कई भगवान होने का मजाक उड़ाया है। इसको लेकर भाजपा और बीआरएस ने उनसे तुरंत माफी मांगने को कहा है। रेड्डी एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने हिंदू धर्म में कई भगवान होने का मजाक उड़ाया और यहां तक बोल गए कि हनुमान अविवाहित लोगों के भगवान हैं। रेड्डी ने कहा कि हिंदू कितने सारे भगवान में विश्वास करते हैं? करीब तीन करोड़? आखिर इतने सारे भगवान क्यों? उन्होंने कहा कि इनके यहां तो अविवाहित लोगों का भी एक भगवान है। जिन लोगों ने दो बार विवाह किया है, उनके लिए एक और भगवान हैं। जो शराब पीते हैं उनके लिए एक अलग भगवान है। उन्होंने कहा मुर्गियों की बलि चढ़ाने के लिए दूसरा भगवान और दाल-चावल के लिए दूसरा भगवान। हर ग्रुप का अपना एक अलग भगवान है। भाजपा नेता प्रवीण ने कहा कि रेड्डी के बयान से प्रदेश के सभी हिंदू खुद को शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं।



### बारूद इतना कि 10 किमी क्षेत्र को कर सकता था तबाह

# देश पर आतंक का खतरा अभी टला नहीं: आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, राजस्थान के राजसमंद में विस्फोटक से लदी पिकअप जब्त

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

देश पर आतंक का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट के बाद राजस्थान से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह विस्फोटक इतना खतरनाक था कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र को एक धमाके में तबाह कर सकता था। पुलिस के अनुसार, पिकअप वैन में जितना विस्फोटक मौजूद था, अगर इसमें ब्लास्ट होता तो 10 किलोमीटर तक का क्षेत्रफल प्रभावित हो सकता था।

हालांकि, इस विस्फोटक को कहां लेकर जाया जा रहा था? इसका अंदाजा अभी नहीं लग सका है। पुलिस पिकअप वैन के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, जिसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उन सभी की तलाश जारी है। राजस्थान पुलिस ने राजसमंद से यह विस्फोटक बरामद किया है। इसे पिकअप वैन में भरकर राजस्थान के आमेद से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वैन की तलाशी के दौरान विस्फोटक बरामद किया है।

### ड्राइवर से पूछताछ में सामने आए कई नाम




बॉक्सों में भरा था विस्फोटक

### पिकअप के साथ दो आरोपी पकड़े

प्रारंभिक जांच में विस्फोटक सामग्री ले जाने संबंधी कोई परमिट नहीं मिला और सुरक्षा को लेकर गंभीर बेपरवाही सामने आई है। नाथद्वारा पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार सुबह श्रीनाथजी थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी।

### खदानों में ले जा रहे थे विस्फोटक

डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जब्त किया गया विस्फोटक ग्रेनाइट माइंसों पर पत्थर ब्लास्ट के लिए ले जाना सामने आया है। पुलिस द्वारा फिलहाल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुले में विस्फोटक सामग्री को रखा है और विशेषज्ञों की राय के अनुसार अग्रिम कार्रवाई होगी। फिलहाल ब्लास्ट का कोई खतरा नहीं है।

### आमेट से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था विस्फोटक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह पिकअप वाहन में लोड किया गया था। पिकअप वाहन आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छापा मारकर इससे विस्फोटक जब्त किया गया। पिकअप में भरे विस्फोटक की मात्रा को देखकर पुलिस दंग रह गई। इसके बाद पूरे विस्फोटक सामाग्री को वाहन से नीचे उतारा गया। विस्फोटकों को कार्टन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार इसकी मात्रा इतनी अधिक है कि इससे धमाका किया जाता तो करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में असर दिखाई देता।

### उमर के साथी आमिर की हिरासत 7 दिन बढ़ी

दिल्ली के लाल किला कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस स्थित स्पेशल एनआईए कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी सात दिन और बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।



## गोवर्धन इन्क्लेव में अवैध गांजा तस्करी का भंडाफोड़, तीन तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के गोवर्धन इन्क्लेव में पुलिस और सर्विलांस दक्षिणी की संयुक्त टीम ने अवैध गांजा बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान तीन किलो अवैध गांजा, तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू और 1,42,200 नकद बरामद हुए। मुख्य आरोपी ललीता के फ्लैट में दबिश देकर माल बरामद किया गया। उसके साथ दो युवक—अमित यादव और दुर्गेश मिश्र—को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार तीनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार महिला आरोपी का पूर्व में भी कई संगीन मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है।

## रहीमाबाद थाने में भक्ति-भाव से संपन्न हुआ सुंदरकांड पाठ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार शाम को थाना रहीमाबाद परिसर स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिकता के दिव्य माहौल से आलोकित हो उठा, जब यहां श्री सुंदरकांड पाठ का साप्ताहिक आयोजन अत्यंत श्रद्धा-भाव के साथ सम्पन्न किया गया। यह आयोजन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सभी श्रद्धालुओं की सामूहिक आस्था और सेवा-संकल्प का प्रतिबिंब है, जिसमें प्रमोद अर्कवंशी, शिवलाल मौर्य, नंदलाल कनौजिया सहित अनेक भक्त तन-मन से सहभागिता निभाते हैं।

कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक संतोष सिंह तिलन एवं रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक का विशेष सहयोग रहा। धार्मिक आस्था से प्रेरित इंस्पेक्टर त्रिगुणायक द्वारा प्रसाद वितरण और समस्त व्यवस्था में दिया जा रहा सहयोग धर्म, समाज और प्रशासन के बीच उत्कृष्ट समन्वय का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर शुभम गुप्ता, अनूप गुप्ता, राहुल गुप्ता, अक्षत तिवारी, कृष्णा तिवारी, एन. राठौर, सूरज राठौर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

हर मंगलवार सायंकाल मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन, घंटा-घड़ियाल की गूंज और भक्ति-स्वरों की अनुगूंज वातावरण को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती है।

'सियाराम मय सब जग जानी' के मंत्रोच्चार के साथ वातावरण भक्तिरस में डूब जाता है। यह आयोजन अब केवल धार्मिक पाठ भर नहीं, बल्कि संस्कार, संयम, सेवा, सामाजिक एकता और राष्ट्रचेतना की सशक्त साधना का रूप ले चुका है।

## तेलीबाग में बुलेट की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। तेलीबाग बाजार में नेपालगंज के पास हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना 8 नवंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे की है, जब एक तेज रफ्तार बुलेट सवार ने अमरेन्द्र शर्मा के पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उनके दाहिने पैर की हड्डी टूट गई। घटना के बाद उन्हें तुरंत एसजीपीजीआई एपेक्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहाँ सर्जरी कर इलाज जारी है। पीड़ित बेटे अमरेन्द्र शर्मा के मुताबिक, छानबीन के दौरान बुलेट चलाने वाले युवक का मोबाइल नंबर भी मिला, लेकिन कई कोशिशों के बावजूद फोन लगातार स्विच ऑफ मिला। परिवार का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तकलीफों से गुजर रहे हैं, जबकि आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पीजीआई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## सुरो के सरताज ने महफिल सजाई हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में

### गुलदास्तां कार्यक्रम से भाव विभोर हुए दर्शक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष केयर एजुकेशनल ट्रस्ट डॉ सीमा यादव आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में ₹सुरो के सरताज₹ का कार्यक्रम में कलाकारों ने सांस्कृतिक मंच से सुरो की आवाज बिखेर कर श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सुरों के सरताज में देवेंद्र मैंगी ने दिल के टुकड़े-टुकड़े करके.... हिमांशु ने जन्म जन्म... नजर के सामने... सत्यम ने हर किसी को नहीं मिलता... पूनम, अनुराग, सीमा विरमानी ने आपके प्यार में हम... गीत गाकर श्रोताओं का मोहा मन। सीमा बिरमानी ने इस कार्यक्रम को संचालित किया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में सुनीता राय के संयोजन में एम एम एम ग्रुप सिंगर ने अपने-अपने हुनर दिखाएं। इस तरह से आशिकी... अनुराग श्रीवास्तव सूरज हुआ मध्यम.... राहुल कुछ ना कहो... संजय कुमार कह दूं तुम्हें... सुनील एवं शालू की जुगलबंदी से श्रोताओं को आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में कल्याणी फाउंडेशन एवं केयर एजुकेशन एकेडमी द्वारा ₹गुलदास्तां₹ प्रस्तुत किया गया। संस्था की संयुक्त सचिव विमला द्विवेदी ने कहा दिव्यांग बच्चों को सही दिशा देना, आत्मविश्वास पैदा करना, उनके स्वाभिमान को बढ़ाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है। दिव्यांग बच्चों ने जिसमें विवेक, सोनिया सक्सेना, वेदांतिका श्रीवास्तव एवं शाश्वती चटर्जी ने प्रस्तुति दी।

## बंथरा थाना क्षेत्र में खुलेआम दबंगई



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा थाना अंतर्गत लतीफ नगर में एक कपड़ा व्यापारी की दुकान में घुसकर एक युवक द्वारा असलहा लहराते हुए धमकाने का मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह दुकान वर्तमान में सपा से जुड़े जिला पंचायत सदस्य कैटन यादव की बताई जा रही है, जबकि घटना के समय उनके भाई मोनू यादव मौजूद थे। शिकायतकताओं का आरोप है कि संबंधित युवक ने दुकान में घुसकर उनके साथ अभद्रता की, असलहा दिखाते हुए धमकाया और पैसों की माँग भी की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक व्यक्ति को असलहा लहराते हुए देखा जा रहा है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि अभी पुलिस द्वारा नहीं की गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग इलाके की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं और पुलिस प्रशासन की भूमिका को लेकर भी नाराजगी जता रहे हैं।

## सैमसी गांव में अवैध मिट्टी खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन डंपर सीज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के सैमसी गांव में अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बीती रात बड़ी कार्रवाई की। एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे, खनन अधिकारी अभिषेक कुमार पटेल एवं माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद की संयुक्त टीम ने मौके पर छापा मारकर मिट्टी से भरे तीन डंपर को सीज कर दिया। वहीं खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन व अन्य वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात सैमसी गांव में खनन माफिया जेसीबी के जरिए अवैध रूप से मिट्टी निकालकर डंपरों में भर रहे थे। सूचना पर एसीपी व खनन विभाग की टीम तुरंत गांव पहुंची। टीम को देखते ही कई वाहन चालक मौके से भाग निकले, जबकि तीन डंपर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध खनन में प्रयुक्त तीनों डंपर को सीज कर थाने में खड़ा कराया गया है। तहसील से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जानलेवा हमला की कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति, सास-ससुर, ननद व ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, जानलेवा हमला और शारीरिक-मानसिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह 22 जून 2023 को फतेहपुर जिले के सदर कोतवाली निवासी एक डॉक्टर से हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ ही समय बाद ससुराल के लोग दहेज के रूप में 15 लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर पीड़िता के साथ कई बार मारपीट, गाली-गलौज और भूखा रखा गया। पीड़िता का कहना है कि विवाह और रिंग सेरेमनी में उसके पिता द्वारा लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए गए, जिसमें लाखों रुपये पति और ननद के खातों में भेजे गए थे। इसके बावजूद ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि ससुर की नीयत शुरूआत से ही खराब थी और उन्होंने कई बार गलत तरीके से पकड़ने, अश्लील बातें करने व मानसिक उत्पीड़न का प्रयास किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पति ने कई बार शराब के नशे में मारपीट कर अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि 22 फरवरी 2025 को पीड़िता पर जलाकर मारने का प्रयास किया गया, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। आरोप है कि 14 जुलाई 2025 की रात पति, सास और ससुर ने कमरों में बंद कर फिर उत्पीड़न करने का प्रयास किया। तब डरी-सहमी पीड़िता ने 1090, 112 और 1076 पर कॉल कर मदद मांगी, जिसके बाद पुलिस पहुंची और सुरक्षा के लिए उसे रातभर थाने में रहना पड़ा।

अगले दिन पुलिस की मौजूदगी में अपने सामान के साथ वह लखनऊ लौट आई। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति और ससुराल वाले दूसरी शादी करना चाहते हैं, इसलिए उसे प्रताड़ित करते हैं। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## तमंचा दिखाकर रंगदारी मांगने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सपा नेता की कपड़े की दुकान पर पहुंचकर तमंचा दिखाते हुए रंगदारी मांगने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर अर्पित पटेल उर्फ तेरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बंथरा के बहजना मऊ निवासी सपा के जिला पंचायत सदस्य कैप्टन यादव की बनी - मोहान रोड स्थित लतीफ नगर चौराहे के पास कैप्टन जिम और कैप्टन क्लाथ हाऊस नाम से कपड़े की दुकान है। सोमवार शाम कैप्टन यादव एक शादी समारोह में गए थे। जबकि उनके बड़े भाई विमलेश कुमार (मोनू यादव) दुकान पर अपने कर्मचारियों के साथ मौजूद थे। तभी बाइक से पहुंचे एक दबंग ने अपनी कमर से तमंचा निकाल कर दुकान के बाहर उसमें कारतूस भरी और दुकान में घुस गया। जहां उसने काउंटर पर बैठे मोनू यादव की ओर तमंचा रखते हुए धमकी दी कि कप्तान बहुत बड़े नेता बन गए हैं,



वह हमें वसूली नहीं देते। आज उन्हें गोली मार देंगे। इसके बाद लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी वहां से फरार हो गया था। बाद में जानकारी पाकर पहुंचे कैप्टन यादव ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना के बाद विमलेश यादव ने आरोपी की रसूलपुर गांव के अर्पित पटेल उर्फ तेरा के रूप में पहचान करते हुए उसके खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम ने उसे कुछ दूर स्थिर रहीम नगर पड़ियाना से महज 2 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी अर्पित पटेल ने बताया कि वह नशे का आदी है। नशा करने और आर्थिक लाभ के लिए उसने पैसों की मांग की थी। जब उसे पता चला कि उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है तो उसने अपना तमंचा कहीं फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है, जबकि उसके तमंचे की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी अर्पित पटेल उर्फ तेरा शातिर अपराधी होने के साथ हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ जीआरपी चारबाग, आशियाना, चिनहट और बंथरा थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह कई मामलों में जेल भी जा चुका है।

## एसीपी कृष्णानगर की अध्यक्षता में जनसंपर्क चौपाल का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के शांतिनगर में मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में जनसंपर्क चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का उद्देश्य क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रति जागरूक करना था। चौपाल में सबसे पहले अवैध अतिक्रमण के मुद्दे पर चर्चा की गई। एसीपी ने बताया कि अतिक्रमण आपदा या आपात स्थिति में राह में बड़ी बाधा बन सकता है, इसलिए सार्वजनिक मार्गों को अवरोधमुक्त रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में शराब ठेकों के बाहर चेकिंग अभियान चलाने की जानकारी भी साझा की गई। वहीं साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जोर देते हुए ओटीपी, संदिग्ध लिंक और फिशिंग फ्रॉड से सावधानी बरतने की सलाह दी गई। नागरिकों को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और साइबर हेल्पलाइन 1930 की सुविधा से भी अवगत कराया गया। जबकि चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित गश्त तथा सुरक्षा उपायों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में जमीनी विवादों के निस्तारण में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए घरों और दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई। साथ ही यातायात नियमों के पालन, महिलाओं की सुरक्षा, मिशन शक्ति, 1090, 112 व 1098 हेल्पलाइन तथा गांव में आने वाले संदिग्ध फेरीवालों पर नजर रखने जैसे विषय पर भी नागरिकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति सहित थाने का स्टाफ और तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और दहेज मांगने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने इलाके के ही सिकंदरपुर बंथरा निवासी अंशू गौतम के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने और दहेज मांगने काआरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। बंथरा थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय युवती के मुताबिक वह पिछले पांच वर्षों से अंशू गौतम के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। युवती का आरोप है कि अंशू लगातार शादी का आश्वासन देता रहा, लेकिन हर बार बहाने बनाकर बात टाल देता था। पीड़िता का कहना है कि करीब एक माह पहले जब उसकी मां ने अंशू और उसके परिवार से शादी की बात की तो उन्होंने दहेज में चार पहिया वाहन और नगदी की मांग कर दी। असमर्थता जताने पर अंशू ने दूरी बनानी शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि उसके और अंशू के संबंधों के बारे में दोनों के परिजनों को पूरी जानकारी थी और सभी का एक दूसरे के घर आना जाना था। इसी दौरान युवती को पता चला कि अंशू ने 9 अप्रैल 2025 को किसी अन्य युवती से गोद भराई कर ली है। इसके बाद परेशान पीड़िता ने हजरतगंज स्थित महिला थाने में मामले की तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि वह बंथरा थाने में प्रार्थना पत्र दे चुकी है, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसे मजबूरन महिला थाने का दरवाजा खटखटाना पड़ा। फिलहाल महिला थाने से मामला बंथरा थाने में ट्रांसफर होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मलिहाबाद में ओटीएस कैंप का हुआ आयोजन

### दर्जनों उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण, शाम तक चलता रहा कार्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को विद्युत विभाग द्वारा मलिहाबाद में ओटीएस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप सुबह से शुरू होकर देर शाम तक संचालित हुआ। इस दौरान दर्जनों उपभोक्ताओं ने अपना ओटीएस पंजीकरण कराया और लंबित बिजली बिलों का निपटान किया।

कैंप में काकोरी भलिया निवासी अरुण कुमार ने ओटीएस के तहत 65 हजार रुपये जमा किए। अन्य उपभोक्ताओं ने भी बड़ी संख्या में अपने बकाया बिलों का भुगतान किया। विभाग के अनुसार, पूरे कैंप के दौरान कुल 1 लाख 45 हजार रुपये की राशि जमा हुई, जिसे ओटीएस योजना के तहत बड़ी राहत माना जा रहा है।



ओटीएस कैंप में मौजूद लोग

कार्यक्रम में अवर अभियंता रविंद्र कुमार, टीजी-2 तेज बहादुर, लाइनमैन दुर्गेश कुमार, सुनील कुमार, निजाम सहित विद्युत विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि ओटीएस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिलों से राहत देना और अधिक से अधिक लोगों को नियमित बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक संख्या में उपभोक्ता योजना का लाभ उठा सकें।

## दस लाख दो, नहीं तो मौत तय–अपहरणकर्ताओं की धमकी, पीड़ित ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी रामऔतार ने अपने बेटे कृष्णमोहन के साथ हुई मारपीट, अपहरण और दस लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए माल थाने में तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार घटना बीते 30 नवंबर दोपहर की है। रामऔतार अपने पुत्र कृष्णमोहन के साथ दोस्त सुजीत की शादी में शामिल होने बीकेटी जा रहे थे। बताया गया कि रास्ते में माल इलाके के गुमसेना गांव पहुंचने पर कृष्णमोहन के चाचा ने उसे फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। शाम करीब छह बजे दामाद संजय के फोन पर एक अज्ञात नंबर द्वारा कॉल आया। आरोप है कि कॉल करने वालों ने धमकी दी कि 'अगर अपने साले की जिंदगी चाहिए तो दस लाख रुपये सुखराम महबूब खेड़ा रहीमाबाद को दे दो, वरना कृष्णमोहन को मार देंगे।'

घटना से घबराकर रामऔतार ने तत्काल इसकी शिकायत 1076 पर की। सूचना पाकर माल पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक कार्रवाई के बाद रात लगभग 11 बजे परिजनों को मलिहाबाद एसीपी कार्यालय भेजा। आरोप है कि वहीं से लौटते समय पीड़ित के पिता के मोबाइल पर मनवा चौकी द्वारा कॉल आया कि 'तुम्हारा बेटा चौकी पर गंभीर हालत में पड़ा है।' परिजन तुरंत मनवा चौकी पहुंचे तो देखा कि कृष्णमोहन लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा था। उसे तत्काल माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि फिरौती की पूरी बातचीत की रिकॉर्डिंग दामाद संजय के मोबाइल में सुरक्षित है। रामऔतार ने आरोप लगाया है कि रहीमाबाद के महबूब खेड़ा निवासी संदीप उर्फ छोटू, विशुनखेड़ा निवासी मनीषा पुत्री राजाराम, मुनीश निवासी विशुनखेड़ा छावन अतरौली जनपद हरदोई, विजय निवासी कुल्याणखेड़ा माल तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर उनके बेटे कृष्णमोहन को बेरहमी से पीटा और उसका मोबाइल भी छीन लिया। आरोप है कि हमले के दौरान मनीषा बार-बार कह रही थी कि 'जैसे ही दस लाख रुपये मिल जाएं, कृष्णमोहन को जान से मार देना।' इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शिकायतकर्ता रामऔतार की पत्नी से काफी दिनों से विवाद चल रहा है, जिसको लेकर उसने उसके बुआ और मामा के लड़कों पर मारपीट अपहरण करने का आरोप लगाया है। और रामऔतार के लड़के की बातें संदेह के घेरे में है, जिसको लेकर इस मामले की हर एक बिंदु पर गहनता से जांच की जा रही है।

## मासूम छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले बुजुर्ग स्कूल वैन चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर पुलिस ने कक्षा 3 की 8 वषीर्या मासूम छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले बुजुर्ग स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 8 वर्षीय बेटी थाना क्षेत्र के ही एक निजी स्कूल में कक्षा 3 की छात्रा है। वह स्कूल की वैन से ही रोज आती जाती है। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसकी मासूम बेटी को घर लाते ले जाते समय वैन चालक उसके साथ पिछले करीब एक सप्ताह से आए दिन अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ करता है। उससे काफी परेशान होकर मासूम



छात्रा ने बीते रविवार को अपनी मां को इसकी सारी जानकारी दी। जिसके बाद महिला ने सरोजनी नगर थाने में 61 वर्षीय स्कूल वैन चालक अमौसी के गंगानगर निवासी सुनीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मासूम से छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को उसके घर से मंगलवार को धर दबोचा। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## युवक पर छेड़छाड़, अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर स्थानीय युवक पर बेटी से छेड़छाड़, मारपीट और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार लगभग एक माह पूर्व उसकी बेटी खेत से घर लौट रही थी, तभी रस्ते में गांव के ही युवक लववीर उर्फ. राकेश पाल ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपित ने अपने परिवार के अन्य लोगों को बुलाकर पीड़ित पक्ष के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार उन्हें धमका रहा है। आरोप है कि लववीर ने पीड़िता



एवं परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए उनकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपित ने आपत्तिजनक फोटो गांव के कई लोगों को भेजकर पीड़ित परिवार का मानसिक उत्पीड़न किया।

पीड़ित परिवार का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों से वे बेहद भयभीत हैं। इस सम्बन्ध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर मिली है. मामले की जांच की जा रही है, जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षामित्र धर्मेश रावत ने समय से पहले पूरा किया मतदाता पुनरीक्षण कार्य, एसडीएम ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघौली के मजरा करसंडा में तैनात शिक्षामित्र सह बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) धर्मेश रावत ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.-2025) का कार्य निर्धारित समय सीमा से काफी पहले पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य का परिचय दिया है।

प्राथमिक विद्यालय करसंडा में शिक्षामित्र के रूप में तैनात धर्मेश रावत के क्षेत्र में कुल 516 मतदाता हैं। उन्होंने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए तथा निर्धारित समयावधि में सभी प्रपत्र एकत्र कर सुपरवाइजर को जमा कर दिए। इस कार्य में गणना सुपरवाइजर संतोष गिरी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।



उनकी मेहनत और समयबद्धता से प्रभावित होकर उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन कुमार पटेल ने धर्मेश रावत का उत्साहवर्धन किया। सोमवार को आयोजित एक सादे समारोह में एसडीएम ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

एसडीएम पवन पटेल ने कहा कि धर्मेश रावत जैसे कर्मठ बीएलओ लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत बनाते हैं। उनकी कार्यशैली अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में स्वच्छ एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया है। उसका उपचार जारी है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मरौंदा निवासी रानू (35) पुत्र रामजीवन मंगलवार दोपहर करीब दो बजे हसनगंज की ओर से आ रहे थे। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर स्थित गांव आवागोझा के समीप बांगरमऊ की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रानू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल रानू को तत्काल मियागंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती उनका इलाज कर रहे हैं।

### घर से लापता वृद्ध का कुएं में पड़ा मिला शव

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर निवासी छेदी गौतम 70 वर्ष पुत्र टीकाराम का शव गांव के बाहर जंगल में कुएं में मंगलवार शाम 5 बजे उतराता देख ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पुलिस ने शव बाहर निकाल कर पूछ तांछ की।मृतक के पुत्र सुनील ने पुलिस को बताया कि मानसिक विक्षिप्त थे।अक्सर घर से कही चले जाया करते थे।दस दिन पहले घर से लापता हो गए थे।जिसकी खोजबीन की जा रही थी।मृतक के दो पुत्र सुनील और चंदर रो रोकर बेहाल हो गए।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि मानसिक विक्षिप्त का शव कुएं में मिला है।शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, परिजनो ने अभी तक किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है।पीएम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### फांसी के फंदे पर झूल कर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

बांगरमऊ, उन्नाव। एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सूत्रों के अनुसार बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अरगूपुर अंतर्गत मजरा गनीपुर निवासी हरदेव के बेटे पुनीत 20 वर्ष बीते सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। किंतु तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। मृतक चंडीगढ़ शहर में रहकर मजदूरी करता था। घटना में मां प्रेमलता सहित सभी परिजन रो-रोकर बेहाल है।

## जाम निजात दिलाने के लिए एसपी ने क्षेत्र का किया भ्रमण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवीन पुल पर लगने वाले लगातार जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल की है। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह और सीओ सिटी दीपक यादव ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नवीन पुल, बालूघाट टेंपो स्टैंड और पोनी रोड तिराहे जैसे प्रमुख स्थानों का दौरा कर जाम की स्थिति का अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान, एसपी ने इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को जाम से निपटने के लिए विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरैयां आरओबी के निर्माण कार्य के कारण नवीन पुल पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे मार्ग संकरा होने के कारण यातायात समस्या गंभीर हो गई है। एसपी ने उम्मीद जताई कि आरओबी पूरा होने के बाद जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। यातायात को सुचारु बनाने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक उपायों पर भी चर्चा हुई। तत्काल प्रभाव से पोनी रोड तिराहे पर बनाए गए नो पार्किंग जोन को सख्ती से लागू किया जाएगा। यहां वाहन खड़े करने वालों को रोका जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पड़ाव अड्डे पर स्थानांतरित किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के भी संकेत दिए गए हैं।एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, पीक आवर में नया यातायात प्रबंधन पैटर्न लागू किया गया है। सुबह के व्यस्त समय में, शुक्लागंज से कानपुर की ओर जाने वाले वाहनों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, कानपुर से शुक्लागंज आने वाले वाहनों को नियंत्रित गति से, रोक-रोककर निकाला जाएगा। इसी तरह, शाम चार से छह बजे तक कानपुर से शुक्लागंज आने वाले वाहनों को तेजी से निकाला जाएगा, जबकि शुक्लागंज से कानपुर की ओर जाने वाले वाहनों को कुछ समय के लिए रोका जाएगा। इसके अतिरिक्त, नवीन गंगा पुल मोड़ पर कानपुर की दिशा से आने वाले वाहनों को भी कुछ सेकंड के लिए रुकवाया जाएगा। ताकि जाम की स्थिति न बनने पाए। एसपी ने बताया कि यह नई यातायात व्यवस्था फिलहाल परीक्षण के तौर पर लागू की जा रही है। यदि इससे सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, तो इसे स्थायी रूप से लागू करने पर विचार किया जाएगा। अन्यथा, प्रशासन स्थिति के अनुसार कोई नया विकल्प तलाशेगा। प्रशासन का दावा है कि नए उपायों से लोगों को जल्द ही जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

## कृषक सेवा केंद्र पर उपलब्ध हैं किसानों के लिए बोए जाने वाले फसलों के बीज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के कृषक बन्धुओं को अवगत कराना है कि जनपद की सहकारी समिति रसूलाबाद वि०खण्ड मियॉगंज सहकारी समिति परियर वि०खण्ड सि०सरोसी सहकारी समिति अटवाबैक वि०खण्ड गंजमुरादाबाद एवं पी०सी०एफ० कृषक सेवा केन्द्र रामकोट वि०खण्ड गंजमुरादाबाद में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने हेतु फसल उड़द, मूँग, तिल एवं मूगफली के कय केन्द्र स्थापित किये गये हैं जिनका सर्मथन मूल्य मूँग-8768.00 / प्रति कु०, मूँगफली-7263.00 / प्रति कु०, उड़द-7800.00/ प्रति कु० एवं तिल 9846.00/ प्रति कु० निर्धारित है, इसकी खरीद 01 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 29 जनवरी 2026 तक किया जाना शासन द्वारा निर्धारित है। बताया कि जनपद के कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि वह किसान पंजीकरण कराने के उपरान्त उपरोक्त केन्दों पर सम्पर्क कर अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकते है।

## मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर निकला फर्जीवाड़ा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा उजागर हुआ है। पूरन नगर स्थित एक मकान की जांच के दौरान यह मामला सामने आया, जिसने प्रशासनिक अधिकारियों को भी हैरान कर दिया। मकान नंबर 57 की मतदाता सूची में कुल 45 नाम दर्ज थे। हालांकि, मौके पर की गई जांच में केवल तीन निवासी ही मिले। शेष 42 नामों के बारे में न तो मकान मालिक कोई जानकारी दे सका और न ही पड़ोसियों ने उन्हें पहचानने की पुष्टि की। रकफ अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (BLO) राजीव कुमार जब मकान नंबर 57 पर पहुंचे, तो उन्हें घर में केवल तीन लोग मिले। BLO ने मकान मालिक से मतदाता सूची में दर्ज 45 नामों के बारे में पूछताछ की। मकान मालिक ने बताया कि उन्हें शेष 42 नामों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वे उन्हें पहचानते भी नहीं हैं। BLO ने पड़ोसियों से भी संपर्क किया। पड़ोसियों ने पुष्टि की कि इस मकान में कभी इतने लोग नहीं रहे। उन्होंने बताया कि सूची में दर्ज अधिकांश व्यक्तियों को उन्होंने कभी आते-जाते नहीं देखा। यह घटना मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं और 'फर्जी प्रविष्टियों' की ओर संकेत करती है। अपर जिलाधिकारी (ADM) सुशील कुमार के अनुसार, यह मामला बेहद गंभीर है और इसकी जांच तेजी से की जा रही है। ऐसे सभी संदिग्ध मामलों की सूची बनाकर निर्वाचन आयोग को भेजी जा रही है, ताकि पूरे प्रकरण की गहराई से जांच हो सके। अधिकारियों ने यह भी बताया कि रकफ अभियान के दौरान इस तरह की कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं, जो मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर 'फर्जी प्रविष्टियों' की मौजूदगी दशार्ती हैं। इस खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोग भी हैरान हैं कि बिना जानकारी के इतने नाम एक ही पता पर कैसे दर्ज हो गए। वहीं प्रशासन ने मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध करने के लिए ऐसे हर संदिग्ध पते की गहन जांच करने के निर्देश जारी किए हैं।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। काशीराम कॉलोनी में मंगलवार को एक 28 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान काशीराम कॉलोनी निवासी दिनेश (28) पुत्र कल्लू के रूप में हुई है। यह घटना उस समय हुई जब दिनेश के परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। दिनेश की भांजी की शादी के सिलसिले में परिजन बाहर थे और घर में वह अकेला था। शाम को जब परिवार के सदस्य वापस लौटे, तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। शंका होने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर दिनेश का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में किसी साजिश या जबरदस्ती की बात सामने नहीं आई है। पुलिस के अनुसार, युवक ने जिस कपड़े से फांसी लगाई थी, वह घर में ही मौजूद था और फंदा पंखे से बंधा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल पाएगा। मृतक दिनेश अपने चार भाइयों और छह बहनों में तीसरे नंबर का था।

परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है। दिनेश पेंटिंग का काम करता था और घरों व दुकानों की पुताई करके परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, दिनेश पिछले कुछ दिनों से शांत रहने लगा था, लेकिन उसने अपनी किसी परेशानी के बारे में परिवार से कोई बात नहीं की थी। परिवार में भांजी की शादी को लेकर उत्साह था और किसी अनहोनी की आशंका नहीं थी। इस घटना से परिवार सदमे में है।

## पांच दिवसीय गायत्री यज्ञ महोत्सव का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र में स्थित माँ आनन्देश्वरी देवी मंदिर में 3 से 7 दिसंबर 2025 तक राष्ट्र जागरण पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ, पावन प्रज्ञा पुराण एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बुधवार से रविवार तक चलेगा।यह आयोजन युग तीर्थ शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में माता भगवती देवी शर्मा और अखण्ड दीप के जन्म शताब्दी 2026 के प्रयाज वर्ष क्रम में किया जा रहा है। परमपूज्य गुरूवर बेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं० श्रीराम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म व कारण संरक्षण में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।महोत्सव का शुभारंभ 3 दिसंबर 2025, बुधवार को प्रातः 10:00 बजे प्रज्ञा यात्रा (कलश यात्रा) के साथ होगा। कलश यात्रा माँ आनन्देश्वरी देवी मंदिर, पश्चिम टोला से प्रारंभ होगी। इसी दिन शाम 03:00 बजे से 06:00 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।4 दिसंबर, गुरुवार को प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक गायत्री यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। शाम को 03:00 बजे से 06:00 बजे तक पुनः पावन प्रज्ञा पुराण कथा होगी। 5 दिसंबर, शुक्रवार को भी प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक गायत्री यज्ञ और संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम 03:00 बजे से 06:00 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा जारी रहेगी।6 दिसंबर, शनिवार को प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक यज्ञ होगा, जिसके बाद शाम 04:00 बजे से 08:00 बजे तक भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 7 दिसंबर, रविवार को प्रातः 08:30 बजे से गायत्री यज्ञ, पूणार्हुति, टोली विदाई और प्रसाद वितरण के साथ होगा आयोजकों ने बताया कि कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाएं पीत वस्त्र पहनकर आएं। सभी संस्कार, जैसे दीक्षा, यज्ञोपवीत, विद्यारम्भ, मुण्डन और नामकरण, निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।गायत्री परिवार पुरवा और समस्त श्रद्धालुजनों ने सभी से इस पुनीत और दैवीय कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर ऋषि युग्म और देव शक्तियों के अनुदान प्राप्त करने का अनुरोध किया है। समस्त नगरवासी, क्षेत्रीय परिजन और अखिल विश्व गायत्री परिवार इस आयोजन में सौजन्य प्रदान कर रहे हैं।

## सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया समिति का अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय ब्लॉक कार्यालय में आज मंगलवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी संघ की समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष कुमार को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। विभिन्न समस्याओं को लेकर जारी आंदोलन के दौरान मंगलवार को ग्राम विकास अधिकारी रण केंद्र सिंह की अध्यक्षता में ब्लाक कार्यालय अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि आंदोलन को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी दोनों पदों पर तैनात कर्मचारियों का समन्वय अतिआवश्यक है। इसी परिप्रेक्ष्य में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से आशीष कुमार को अध्यक्ष पद पर आसीन करने के अलावा आनंद जी सुमन को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से सुभाष चन्द्र गौतम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बृजेश कुमार कोषाध्यक्ष, रोहित सिंह प्रवक्ता व रण केंद्र सिंह को संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में जंग बहादुर, पंचम लाल, रवीना, कुलदीप सिंह व विमल कुमार सहित सभी ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी शामिल हुए।

## डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण दो अधिकारी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सोमवार शाम को तहसील सदर क्षेत्र स्थित वृहद कान्हा गौशाला काशीराम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में गोवंशों की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई। गोवंशों के लिए चारा अपर्याप्त और निम्न गुणवत्ता का था। ठंड से बचाव के लिए गरम आश्रय, बिछावन जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं भी प्रभावी रूप से उपलब्ध नहीं थीं। पशुओं के टीकाकरण में भी गंभीर लापरवाही सामने आई। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तत्काल कठोर कार्रवाई की। गौशाला प्रभारी और प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही, नगर पालिका परिषद उन्नाव के अधिशासी अधिकारी एसके गौतम का वेतन भी रोक दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गौवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौशाला संचालन में जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने पर नगर पालिका उन्नाव के अधिशासी अधिकारी तथा उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि गौशाला में चारे की पर्याप्त उपलब्धता, ठंड से सुरक्षा और नियमित टीकाकरण की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंशों की देखभाल में लापरवाही एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन गौशाला की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार कराएगा, ताकि गोवंशों को बेहतर आहार, उपचार और सुरक्षित वातावरण मिल सके। प्रशासन द्वारा अगले कुछ दिनों में गौशाला का पुनः निरीक्षण भी किए जाने की संभावना है।

## कोर्ट के निर्देश पर तीन लोगों पर दर्ज हुआ दुष्कर्म का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोर्ट की शरण में जाकर भांजी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाकर तीन लोगों के विरूद्ध सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी राजवती पत्नी उदयभान ने न्यायालय की शरण में जाकर बताया कि गांव के विकाश पुत्र उमाशंकर, रामनिवास पुत्र राजकुमार, उमाशंकर यादव पुत्र रामकिशुन ने बीस अक्टूबर को उसकी नाबालिग भांजी से सामूहिक दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। बिहार थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर नामजद तीन अभियुक्तों के विरूद्ध पास्को समेत दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## माइनर की कई सालों से नहीं कराई गई साफ सफाई

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर रजबहा से निकलने वाली पाटन माइनर की कई वर्षों से सफाई न होने से किसान मायूस होते जा रहे है। इस माइनर की सफाई की केवल कागज पर कर औपचारिकता निभाई जा रही है। किसानों ने कई सालों से टेल तक पानी न पहुंचने की बात बताई है। तहसील मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालय सुमेरपूर को छू कर निकलने वाली इस नहर से सुमेरपुर, कल्यानपुर, चिकन्द्रपुर, नारेंद्रपुर, छाछी राईखेडा ,रिसालखेडा सहित दर्जनों गाँवो के किसानों को लाभान्वित करने वाली इस नहर में दशकों से पानी नही आया है। हास्यप्रद यह है 11 दिसंबर से चालू होने वाले तकिया मेले के अवसर पर एक दिन के लिए इसमे पानी छोड़ कागज का कोरम पूरा कर लिया जाता है लेकिन नहर की सफाई न होने से उस एक दिन के पानी को देखने के लिए भी किसानों के नजरे तरश जाती है। इस समय जब कई नहरों की सफाई व सिल्ट निकालने का कार्य चल रहा है यह देख किसान इस नहर की भी सफाई व पानी देखने के लिए बर्षो से इंतजार कर रहे है। किसानो में प्रदीप पांडेय,जितेंद्र सिंह,श्री नाथ यादव,छंगा सिंह,लाला पाल,अजय कोरी आदि ने बताया पहले इस नहर के आने से खेती अच्छी होने के साथ ताल,तैलिया भरे रहते थे।लेकिन अब वे दिन दूर की बात हो गए है।इस बावत जब नहर विभाग के जेई उमाकांत से बात की गई उनके अनुसार नहर के आखिरी छोर तक सफाई करा पानी छोड़ने का प्रयास किया जा रहा।



## क्रिकेट पिच और मैदान की जगहों का किया गया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां में विश्व के जाने माने क्रिकेट पिच क्यूरेटर शिव कुमार मौरावां नगर पंचायत पहुंचें और मौरावां में क्रिकेट मैदान बनाने के लिए बेहतर स्थानों को देखा।जानकारी के अनुसार पिछले साल नगर पंचायत अध्यक्ष मौरावां कुँवर विवेक सेठ ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद श्रीवास्तव कमल से मौरावां में व खेल व क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 बीघा जमीन दान देने का वादा किया था। जिस क्रम में वर्तमान समय मे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन अरविंद श्रीवास्तव कमल के निर्देशन पर रविवार 30 नवंबर को मौरावां नगर पंचायत के मेला मैदान पर विश्व के जाने माने पिच क्यूरेटर शिव कुमार पहुंचें। जहां पर डीसीए उन्नाव के जॉइंट सेक्रेटरी राजेश चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष मौरावां प्रतिनिधि जमुना तिवारी ने एक बड़ी से माला पहनाकर शिव कुमार का भव्य स्वागत किया। जिसके बाद शिव कुमार ने कुँवर विवेक सेठ द्वारा बताये गए मैदानों का निरीक्षण किया।उन्होंने मौरावां क्षेत्र के बच्चों को जल्द ही क्रिकेट पिच व मैदान उपलब्ध हो जाने की बात कही।उन्होंने कुँवर विवेक सेठ की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि आज के जमाने मे कोई भूमि का एक अंश भी देता वहाँ विवेक सेठ जी द्वारा इतना बड़ा दान किया जाना बहुत ही महान कार्य है। इस दौरान राजेश चौधरी, जमुना तिवारी, अवधेश दीक्षित, राकेश रावत, प्रदीप सिंह, सीमा सिंह, रामबाबू, गौरी सिंह, वीरू रावत के अतिरिक्त खिलाड़ियों में फहद, सचिन, कोनैन, अबुहुनैन, अनिरुद्ध सिंह, आर्यन, अभिषेक, आयुष सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अपने लक्ष्य से कोसों दूर धान क्रय केंद्र, पसरा रहता सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज शासन के निर्देश पर संचालित धान क्रय केंद्रों पर सुस्ती का आलम व्याप्त है एक माह एक दिन बीत जाने के बावजूद सिकंदरपुर कर्ण क्रय केंद्र पर 500 मीट्रिक टन का रखे गए लक्ष्य के मुताबिक अब 17 किसानों का 514 कुंटल 40 किलो की खरीद हो सकी है खरीद की इस धीमी गति से परेशान अन्नदाताओं का इन केंद्रों से मोह भंग है जिससे वह अपनी उपज औने पौने दामों पर निजी दुकानदारों के हाथ बेचने को मजबूर है।

सहालग का दौर चलने के साथ रबी के फसलों की बुआई का पीक समय चल रहा है जिससे किसानों को पैसे की जरूरत है समय पर उपज बिक्री न होने से परेशान किशुनपुर के कृषक राजेश लोधी बताते है कि उन्होंने अपना धान प्राइवेट खरीदारों के हाथ बेच लिया है। क्रय केंद्र पर कभी सर्वर डाउन,कभी फिंगर नहीं लग रहे तो ज्यादातर फसल गीली होने की समस्या बताकर लौटाए जाने से अच्छा है कि खुली बाजार में बेच कर तुरंत पैसा लेलो। पड़री कला के रानू त्रिवेदी बताते है कि हमारे गांव के आसपास कोई क्रय केंद्र न होने से तकरीबन 90 कुंटल धान घर में भरा है अभी रेट नहीं मिल रहा है।बलाई के राम सिंह ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने के बाद कई बार समितियों के चक्कर लगाया लेकिन रिस्पॉन्स न मिलने पर बिचौलियों के हाथों कम रेट पर बेच दिया है।शिशुपाल लोधी ने बताया कि अब तक महज 17 लोगों की खरीद हो पाई है अपना नंबर आते आते जनवरी बीत जाती।

## किसानों की मांग को लेकर सीएम को भेजा गया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन बैसवारा गुट ने किसानो की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला के जारी लेटर पैड में किसानो के हित के लिए किए जा रहे संघर्षों में 1 जनवरी से मां चंद्रिका बक्सर धाम से लेकर किसान पदयात्रा सुमेरपुर पाटन बीघापुर पुरवा होते हुए कालिदास मार्ग लखनऊ तक जाने की बात कही गयी है साथ ही अवैध खनन ,गल्ला मंडी तहसील मुख्यालय बीघापुर का संचालन, बीज भंडार कृषि रक्षा इकाई ग्राम सभा कल्याणपुर प्रथम में संचालन ,आवारा गोवंश के पूर्णतया गौशाला में सुरक्षित कराया जाने और गौशाला की समुचित व्यवस्था के साथ अन्य बिंदुओं पर त्वरित कार्यवाही किये जाने की मांग शाशन से की गई। इस मौके पर बैसवारा मंडल अध्यक्ष विनयतिवारी देशपति शुक्ला, आशीष शुक्ला, अंजुल प्रताप, अतुल दीक्षित ने भी लेटर पैड पर सहमति जताई है।

## मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर की गई छ्टनी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर छंटनी की गई है। शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों के वितरण के बाद डिजिटाइजेशन का 72.83 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस प्रक्रिया में अब तक कुल 2 लाख 16 हजार 314 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। हटाए गए मतदाताओं में वे लोग शामिल हैं जो स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं, सत्यापन के दौरान घरों में अनुपस्थित पाए गए और मृत मतदाता हैं। अधिकारियों ने बताया कि शेष लगभग तीन प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा होने पर यह संख्या और बढ़ सकती है। जिले की छह तहसीलों में कुल 23 लाख 25 हजार 53 मतदाता दर्ज हैं। विधानसभावार आंकड़े इस प्रकार हैं: बांगरमऊ (162) में 3,59,424, सफीपुर (163, अनुसूचित जाति) में 3,46,386, मोहन (164, अनुसूचित जाति) में 3,46,132, उन्नाव (165) में 4,33,034, भगवंतनगर (166) में 4,20,381 और पुरवा (167) में 4,19,696 मतदाता। एसआईआर अभियान में लगे कुल 2501 बीएलओ ने घर-घर जाकर सभी गणना प्रपत्र वितरित किए, जिनमें से 16,93,242 प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, अब तक 63,406 मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि हुई है। वहीं, सत्यापन के दौरान 22,373 मतदाता अपने घरों में अनुपस्थित मिले, जिन्हें सूची से हटाया गया। इसके अतिरिक्त, 1,04, 106 लोग स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित पाए गए। 24,619 ऐसे मतदाता भी हटाए गए जिनके नाम सूची में दो बार दर्ज थे। अन्य श्रेणी के 1,810 मतदाताओं के नाम भी सूची से बाहर किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि शेष बचे प्रपत्रों के अपलोड और सत्यापन के बाद मतदाता सूची और अधिक शुद्ध होगी। इस अभियान से निर्वाचन सूची को त्रुटिरहित बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली है। निर्वाचन विभाग आगामी चुनावों से पहले अंतिम सूची को पूरी तरह से शुद्ध करने के लिए अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

## बस ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग के हफीजाबाद चौराहे के पास एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान उन्नाव के दही थाना क्षेत्र के ओरहर निवासी सोनू (लगभग 35 वर्ष) पुत्र राम कुमार के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल सीएचसी फतेहपुर चौरासी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सोनू को मृत घोषित कर दिया। इस अचानक हुए हादसे से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल मौके पर ही क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, इसके बावजूद तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण सड़क हादसों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत सुमेरपुर में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष का भी मेडिकल करा मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना बिहार के गाँव रिसालखेडा निवासी दुर्गेश प्रजापति पुत्र स्व० रामपियारे ने तहरीर देकर बताया था कि उसके पुत्र लव व कुश सुमेरपुर बस स्टॉप पर ओम कान्ती नाम से मेडिकल स्टोर चलाते है। शनिवार को दुकान के बगल में जंगली बबूलो में आग लग जाने पर दुकान के पड़ोसी सुमेरपुर निवासी सुशील शुक्ला व उनके दो भाइयों ने समरपम्प चलाने को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी जबकि दूसरे पक्ष सुशील शुक्ला आदि ने तहरीर देकर बताया समरपंप चलाने को लेकर दुर्गेश प्रजापति व उनके पुत्र लव व कुश गाली गलौज करते हुए मेरे साथ हाथा पाई करने लगे। मुझे व मेरे भाई सुशील कुमार व विनोद कुमार जो मौके पर आ गये थे उनको भी जान से मारने की धमकी देने लगे। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया दोनो पक्षो में मारपीट हुई है। दोनो पक्षो का मेडिकल करा सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**भारत में चार नए श्रम कानूनों को लागू कर दिया गया है, जिसके तहत कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन चार संहिताओं में 'कोड ऑन वेजेज 2019', 'इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020', 'कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020' और 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020' शामिल हैं। श्रम सुधारों का यह नया ढांचा भारत के आर्थिक, डिजिटल और औद्योगिक भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला मॉडल है। यह सुधार न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान है बल्कि आने वाले दशकों में रोजगार परिदृश्य को स्थिरता, पारदर्शिता और सशक्तिकरण की नई दिशा देगा। नए कानूनों के लागू हो जाने से भारतवर्ष की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक स्पर्धा में वृद्धि की पूर्ण संभावना दिखाई पड़ रही है। कह सकते हैं कि देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। आत्मनिर्भर भारत को मजबूत आधार प्रदान करने में नए चार श्रम कोड कारगर भूमिका अदा करेंगे, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# नए श्रम कानूनों से बदलेगी तस्वीर



विश्लेषण

रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

**इसमें दो राय नहीं कि नए श्रम कानून लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नए दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम कानून मसलन वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। दावा किया जा रहा है कि ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।**

सालों से इंतजार किए जा रहे चार नए श्रम कानूनों को बीती 21 नवंबर को लागू कर दिया गया है, जिसके तहत कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन चार संहिताओं में 'कोड ऑन वेजेज 2019', 'इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020', 'कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020' और 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020' शामिल हैं। 29 श्रम कानूनों को खत्म करके चार नए कानून पेश किए गए हैं, जो सभी तरह के कर्मचारियों को कवर करते हैं। इस कानून के तहत सैलरी, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेच्युटी और समान काम की समान सैलरी आदि जैसे बदलाव हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि नए श्रम कानून लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नए दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम कानून मसलन वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। केंद्र सरकार की इस कदम से कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वादा किया गया है।

## सैलरी का दायरा बढ़ेगा

नए कानूनों के तहत कर्मचारियों को समय पर सैलरी दी जाएगी। देशभर में मिनिमम सैलरी का दायरा बढ़ेगा यानी कि बाकी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी इसके अंतर्गत लाया जाएगा, ताकि कोई भी सैलरी इतनी कम नहीं हो कि कर्मचारियों का जीवन-यापन कठिन हो। नए कानून के तहत अब ग्रेच्युटी पाने के लिए 5 साल का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि 1 साल की सर्विस पर ही ग्रेच्युटी दी जाएगी। यह ग्रेच्युटी फिक्स्ड-टर्म कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को भी मिलेगी। इन कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के बराबर ही सभी फायदे जैसे छुट्टी, चिकित्सा और सामाजिक सुरक्षा भी दी जाएंगी। नए कानून के तहत एक और बड़ा बदलाव यह है कि सभी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देने का किया गया है। इसके अलावा गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स ओर एग्रीगेटर्स को इन कानूनों के तहत पहली बार डिफाइन किया गया है। इन्हें भी आधार-लिंक्ड यूनिवर्सल अकाउंट नंबर से वेलफेयर बेनिफिट्स दिया जाएगा, जिसमें पीएफ से लेकर पेंशन तक का लाभ शामिल होगा। 40 साल से ज्यादा उम्र के कर्मचारियों को सालाना फ्री हेल्थ चेकअप दिया जाएगा। केंद्र सरकार मजदूरों की बेहतर सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय मानदंड बनाएगी।

## महिला कर्मियों का हित

नए कानूनों के तहत महिलाएं सभी जगहों पर काम कर सकती हैं, जिसमें अंडरग्राउंड माइनिंग, भारी मशीनरी और खतरनाक काम शामिल हैं, जिससे सभी के लिए रोजगार के समान अवसर सुनिश्चित होंगे। हर साइट पर ऑन-साइट सेफ्टी मॉनिटरिंग के लिए जरूरी सेफ्टी कमेटी और खतरनाक रसायनों की सुरक्षित हैंडलिंग पक्का करना है। वहीं फिक्स्ड-टर्म एम्प्लॉई (एफटीई) से रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी और सामाजिक सुरक्षा, स्थायी कर्मचारी के बराबर फायदे जैसे कानूनी सुरक्षा पक्की होगी। कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को समाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी। महिला-पुरूष भेदभाव कानूनी तौर पर नकार दिया गया है। महिला हो या पुरुष समान काम के लिए समान वेतन मिलेगा। महिलाओं को नाइट शिफ्ट में भी काम करने का अधिकार होगा। सभी कामगारों के लिए मिनिमम सैलरी की गारंटी होगी। सभी तरह के कर्मचारियों को ऑफर लेटर देना होगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा, रोजगार विवरण और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। छुट्टी के दौरान मजदूरी देना अनिवार्य किया गया है। मजदूरों को केंद्र सरकार की ओर से तय की गई फ्लोर वेज के हिसाब से वेतन दिया जाएगा।

## ग्रेच्युटी व प्रोविडेंट फंड बेहतर

सभी प्रवासी कामगारों (डायरेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर-बेस्ड और खुद माइग्रेटेड) को बराबर वेतन, वेलफेयर बेनिफिट और पीडीएस पोर्टेबिलिटी का लाभ दिया जाएगा। कामगार 3 साल तक लंबित बकाय के निपटारे के लिए दावा कर सकते हैं। सभी डॉक वर्कर्स के लिए प्रोविडेंट फंड, पेंशन और बीमा के लाभ तय कर दिया गया है, चाहे कॉन्ट्रैक्ट वर्कर हैं या अस्थायी कर्मचारी। जानकारों के मुताबिक नए लेबर कोड्स 'कोड ऑन वेजेज' और 'सोशल सिक्योरिटी' के तहत 'वेजेज' (सैलरी) की परिभाषा को एक जैसा बनाते हैं। इससे ग्रेच्युटी और प्रोविडेंट फंड बेहतर होगा, लेकिन अगर कंपनियां खर्च कम करने के लिए अलाउंस घटाती हैं, तो हाथ में आने वाली सैलरी कम हो सकती है। श्रम क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, अब 'वेजेज' में बेसिक पे, डियरनेस अलाउंस यानी डीए और रिटेनिंग अलाउंस यानी आरए शामिल होंगे। कुल कमाई का 50 प्रतिशत (या सरकार द्वारा तय की गई कोई और प्रतिशत राशि) 'वेजेज' में जोड़ा जाएगा। इससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभों की गणना में एकरूपता आएगी। पहले कंपनियां बेसिक सैलरी कम रखकर बाकी पैसा अलग-अलग भत्तों के रूप में दे देती थीं। इससे पीएफ और ग्रेच्युटी में उनका योगदान कम होता था। लेकिन अब सरकार ने नियम बना दिया है कि आपकी कुल सैलरी यानी सीटीसी का कम से कम आधा हिस्सा बेसिक सैलरी होना चाहिए। इससे आपकी रिटायरमेंट सेविंग्स तो बढ़ेंगी, लेकिन हर महीने हाथ में आने वाले पैसे थोड़े कम हो सकते हैं। यह एक तरह से आपकी भविष्य की सुरक्षा के लिए अच्छा कदम है, भले ही अभी थोड़ा जेब पर भारी पड़े। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं।

## जमीनी स्तर पर हो बदलाव

सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

# नए श्रम कानून : श्रमिक जीवन का नया सूर्योदय



उम्मीद

डॉ.सूर्यकांत मिश्रा

स्वतंत्र पत्रकार

श्रमिक कल्याण की प्रतिबद्धता से जुड़े नए श्रम कानून के लागू हो जाने के बाद से शोषण की कूटनीति को समाप्त करने का मार्ग खोला जा सकेगा। पुराने कानूनों में राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए किए जाने वाले घेराव के साथ तालाबंदी जैसी औद्योगिक गतिविधियों को भी रोका जा सकेगा। 'श्रमेव जयते' जैसे सार्थक शब्द का आह्वान श्रम के क्षेत्र में विकास यात्रा के मार्ग को सुगम बनाते हुए श्रम की गरिमा और श्रमिकों के सम्मान का प्रतीक बनकर जरूर उभरेगा। आजाद हिंदुस्तान में अब तक जो श्रम कानून चल रहे थे, वे आजादी से पूर्व 1920 और आजादी के तुरंत बाद 1950 में लागू किए गए थे । कहीं न कहीं अंग्रेजों की सोच कानून में घुली हुई थी। 105 वर्षों की लंबी यात्रा में समय-काल-परिवर्तन के अनुसार युगकालीन परिवर्तन स्पष्ट दिखाई पड़ रहे थे। तब समय की जरूरत के हिसाब से कानून में परिवर्तन करना एक अच्छी सोच कही जा सकती है। अलग-अलग टुकड़ों में बंटे 29 श्रम कानूनों को चार मुख्य कोड में समेटना कहीं न कहीं पेचीदे कानून को सरल बनाने की दिशा में एक अच्छा निर्णय माना जाना चाहिए। वर्तमान केंद्रीय सरकार की यह सोच कि निजी क्षेत्रों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित जीवन मिले। अनुकूल कार्य क्षेत्र की प्राप्ति हो। समान वेतन का हक मिले, निम्न तबके को कल्याणकारी योजना की ओर अग्रसर करता है। नए श्रम कानून का सबसे ज्यादा लाभ प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने जा रहा है। इन कानूनों के चलते अब जहां शोषण से मुक्ति मिलेगी, वहीं वेतन की नियमितता श्रमिकों को खुशियों का उपहार देती दिखेगी। नए नियमों के अनुसार अब नियोक्ता को किसी भी परिस्थिति में अपने कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करना होगा। सबसे बड़ा लाभ सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली ग्रेच्यूटी के रूप में होगा। पुराने कानून जहां कम से कम पांच वर्ष के सेवाकाल के बाद ही ग्रेच्युटी भुगतान की जंजीरों में जकड़ दिए गए थे , वहीं अब नए कानून के तहत हर वह कर्मचारी जिसने एक वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण कर ली है , ग्रेच्यूटी का हकदार होगा। हमारा पुराना श्रम कानून जहां महिला और पुरुषों के वेतन की विसंगति से जूझ रहा था , अब महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर वेतन का अधिकार प्रदान कर रहा है । सीधे शब्दों में कहा जाए तो जेंडर आधारित भेदभाव को नए कानून ने कचरे के डिब्बे में डाल दिया है। चार नए श्रम कोड के चलते प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों का जीवन सम्मानित और सुनियोजित तरीके से सांस ले पाएगा। नए कानून को कार्यरूप देने के पीछे जो उद्देश्य नजर आ रहे हैं, वे कर्मचारियों को लाभान्वित करने के साथ ही कार्यक्षेत्र में किए जाने वाले शोषण को समाप्त करने वाले हैं। साथ ही इन कानूनों में सामाजिक सुरक्षा का मुद्दा नियोक्ताओं को उनके कर्तव्यों की याद दिलाने वाला होगा। आत्मनिर्भर भारतवर्ष के स्वप्न को साकार करने के लिए ही शायद सरकार के द्वारा 29 श्रम कानूनों को चार कानून में समेटा गया है। देश में 2025 नवंबर माह के तीसरे सप्ताह से प्रभावशील चार श्रम कानून कोड वेतन संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, तथा ओएसएच और कार्य शर्तें संहिता के रूप में लागू किए जा चुके हैं। जैसा कि वेतन संहिता के नाम से ही विदित होता है कि यह कोड कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के साथ समय पर वेतन देने की मजबूत व्यवस्था के लिए बनाया गया है। सामाजिक सुरक्षा संहिता कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के बाद सम्मानित जीवन यापन के क्षेत्र में पीएफ , ईएसआईसी , ग्रेच्यूटी और बीमा जैसे लाभों का आवरण प्रदान करेगी ।इसी तरह औद्योगिक संबंध संहिता कर्मचारियों की नियुक्ति, उनकी अनावश्यक छंटनी सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने वाली होगी । सबसे अहम चौथे कोड में काम के दौरान सुरक्षा और कार्यक्षेत्र को अनुकूल वातावरण प्रदान करने से संबंधित नियमों से बंधा होगा। संक्षिप्त में कहें तो नए कानूनों के जरिए सरकार ने कानून के सरलीकरण का शानदार प्रयास किया है। इन कानूनों के तहत गिग वर्कर अर्थात ऐसे कर्मचारी जो स्थाई नहीं हैं , बल्कि अस्थाई रूप से काम पर रखे जाते हैं , उन्हें भी कानून के दायरे में लाया गया है । नए कानूनों के लागू हो जाने से भारतवर्ष की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक स्पर्धा में वृद्धि की पूर्ण संभावना दिखाई पड़ रही है। आत्मनिर्भर भारत को मजबूत आधार प्रदान करने में नए चार श्रम कोड कारगर भूमिका अदा करेंगे।

***नए श्रम कानून का सबसे ज्यादा लाभ प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने जा रहा है । इनके चलते अब जहां शोषण से मुक्ति मिलेगी । वहीं वेतन की नियमितता श्रमिकों को खुशियों का उपहार देती दिखेगी।***

# श्रम संसार की तस्वीर बदलने वाली गारंटी



राष्ट्र-चिंतन

आचार्य श्रीहरि

स्वतंत्र पत्रकार

श्रमेव जयते। श्रम की प्रधानता और समृद्धि के बिना जीवंत राष्ट्र की परिकल्पना नहीं हो सकती है। श्रम की कसौटी पर निर्माण और विकास की परिकल्पना बनती है। इसलिए श्रम की महत्ता और अनिवार्यता को अस्वीकार करना मुश्किल है। इनकी उपेक्षा और इन पर उदासीनता अस्वीकार है। सरकार की ही नहीं, बल्कि नियोक्ता और सेवा प्रदाताओं की जिम्मेदारी भी स्वस्थ और समृद्ध श्रम संसाद की बनती है। यह अच्छी और स्वागतपूर्ण कदम है कि नरेन्द्र मोदी ने मजदूरों की तस्वीर बदलने की गारंटी दी है, उनकी आजीविका के अधिकार को सशक्त बनाया है। उनके होने वाले शोषण और उत्पीड़न पर रोक लगाने की व्यवस्था की है और भेदभाव की नीतियों को समाप्त करने की घोषणा की है, यानी कि श्रमेव जयते। इस निमित नरेन्द्र मोदी की सरकार ने चार नए श्रम संहिताओं की घोषणा की है। इन श्रम संहिताओं की घोषणा से लगभग 30 साल के श्रम काले कानूनों को समाप्त कर दिया गया है, जो काफी समय से प्रस्तावित और प्रत्याशित थे। चार नये श्रम संहिताओं को इस प्रकार से जानिये। पहला वेज कोड 2019, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020 सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेल्फी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020 में परिवर्तन कर दिया गया है। इससे मजदूरों के वेतन और सुरक्षा अधिकारों में बहुत ज्यादा परिवर्तन होगा और लाभकारी भी होगा। नए श्रम संहिताओं में मजदूरों के सभी प्रकार के अधिकारों और कल्याण की भावनाओं को निहित किया गया है। औद्योगिकीकरण और कारपोरेटिवकरण तथा रोजगार और श्रम के नये आयामों के उद्भव और विकास के कारण मजदूरों के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो गयी थी, निवेशकों के सामने भी बहुत बडी समस्या थी, पूर्व की श्रम संहिताएं अस्पष्ट थी और विसंगतियों से भरी पड़ी थी, नियोक्ता और श्रमिकों के बीच अविश्वास उत्पन्न करती थी, अधिकारों को लेकर संहिताएं स्पष्ट भी नहीं थी। न्यूनतम वेतनमान में हीलाहवाली थी, असमानता थी और शोषण युक्त था। नयी आर्थिक नीतियों के लागू होने से सर्वाधिक शोषण के शिकार मजदूर थे और उनके हित हाशिये पर थे, उनके आंदोलन करने के अधिकार और कर्तव्य पर नियोक्ता, पुलिस और प्रशासन की टेढी नजर रहने लगी थी। भारत की ये श्रम संहिताएं विश्व की अन्य संहिताओं के अनुपात में कितनी लाभकारी हैं, कितनी सहयोगी हैं और कितनी कल्याणकारी हैं? नई श्रमिक संहिताएं श्रमिकों के कल्याण और उनकी सुरक्षा के लिए बेमिसाल तो हैं पर नियोक्ताओं और सेवादाता कंपनियों के बीच भी श्रम कानूनों को लेकर विश्वास उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उम्मीद है कि नरेन्द्र मोदी सरकार श्रमिकों और नियोक्ताओं के बीच विश्वास और संतुलन बनाने की भूमिका निभाएगी।

***इन श्रम संहिताओं की घोषणा से लगभग 30 साल के श्रम काले कानूनों को समाप्त कर दिया गया है, जो काफी समय से प्रस्तावित और प्रत्याशित थे।***

# भारत में नए लेबर कोड : श्रमिक अधिकारों का नया अध्याय



रणनीति

सुनील कुमार महला

स्वतंत्र पत्रकार

केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 शुक्रवार को कार्य परिस्थितियों में बड़े बदलाव का कदम उठाते हुए देश में नई श्रम संहिता (लेबर कोड) लागू कर दी। यह वाकई काबिले-तारीफ है कि निजी एवं असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों के लिए उपयोगी इस नए लेवर कोड में अनिवार्य नियुक्ति-पत्र, न्यूनतम और समय पर वेतन की गारंटी और एक साल में ही ग्रेच्युटी भुगतान की व्यवस्था की गई है, वहीं सामाजिक सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ईएसआइसी सुविधा और 40 साल की सेवा के बाद अनिवार्य स्वास्थ्य जांच जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। बता दें कि ईएसआईसी भारत सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को बीमारी, दुर्घटना, मातृत्व और रोजगार से जुड़ी अन्य आपात स्थितियों में आर्थिक तथा चिकित्सीय सुरक्षा प्रदान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद इसे सबसे बड़ा रिफॉर्म बताया है। उन्होंने कहा है कि यह कृषकों को मजबूत बनाने वाला है। इनसे एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा, जो भविष्य में कामगारों के हकों की रक्षा करेगा और भारत की आर्थिक वृद्धि को नई शक्ति देगा, साथ ही विकसित भारत की यात्रा को भी तेज गति मिलेगी।' कितनी अच्छी बात है कि नए लेबर कोड में महिलाओं के लिए खास सुविधाएं जोड़ी गई हैं, वहीं खतरनाक व जोखिम वाले उद्योगों, गिग वर्कर्स और आइटी क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए भी विशेष उपाय किए गए हैं। आज के समय में ओला-उबर के ड्राइवर, स्विगी-जोमैटो, ब्लिंकिट ,अमेज़न के डिलीवरी पार्टनर, फ्रीलांसर (कंटेंट राइटर, ग्राफिक डिज़ाइनर, वीडियो एडिटर, वेब डेवलपर, डिजिटल मार्केटर आदि), डिज़ाइनर, या अर्बन कंपनी जैसी सर्विस देने वाले लोग गिग वर्कर्स के रूप में जाने जाते हैं। यह काम लचीला होता है, इसलिए लोग अपनी सुविधा अनुसार समय




**यदि पारदर्शिता से काम हो तो यह कोड अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।**

तय कर सकते हैं, लेकिन इसकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसमें स्थायी नौकरी जैसे लाभ जैसे पीएफ, पेंशन, मेडिकल सुरक्षा अक्सर नहीं मिलते। यही कारण है कि गिग वर्कर्स को असंगठित क्षेत्र का हिस्सा माना जाता है।

सच तो यह है कि गिग वर्कर्स, खनन श्रमिकों और टैक्सटाइल श्रमिकों के लिए नए लेबर कोड में विशेष इंतज़ाम किए गए हैं,जो सराहनीय हैं। वास्तव में अब गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों को पीएफ, ईएसआइसी, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल सकेंगे। इतना ही नहीं, खनन श्रमिकों के क्रम में आवागमन दुर्घटना पर मुआवजा, खान में सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों का ध्यान, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ ही साथ काम के घंटों की सीमा प्रतिदिन 8 से 12 घंटे, तथा प्रति सप्ताह 48 घंटे तय की गई है। टैक्सटाइल श्रमिकों के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। मसलन, ठेकेदार कर्मियों को समान वेतन, कल्याणकारी लाभ, बकाया निपटान के लिए तीन साल की अवधि, तथा ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान जैसी व्यवस्थाएं नये लेबर कोड में की गईं हैं। नए लेबर कोड में महिलाओं के लिए खास सुविधाओं में क्रमशः लिंग भेद निषेध, समान कार्य के लिए समान वेतन, महिलाओं को सहमति व जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि पाली में तथा सभी प्रकार के काम की अनुमति, शिकायत निवारण समितियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व जरूरी, महिला कर्मचारी के परिवार की परिभाषा में सास-ससुर को शामिल करना, 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश, क्रैच व वर्क फ्रॉम होम की सुविधा के साथ ही साथ 3500 रुपये का मेडिकल बोनस दिए जाने की व्यवस्थाएं भी की गईं हैं। वास्तव में लेबर कोड में विभिन्न सुधारों से कामगारों को निश्चित ही लाभ हो सकेगा। कुल मिलाकर, श्रमिकों की स्थिति सुधारने के लिए नए लेबर कोड की आवश्यकता महसूस की गई। अब नए लेबर कोड से श्रमिकों के दिन बदलेंगे। हालांकि, इनकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। यदि सरकार और उद्योग पारदर्शिता से काम करें तो यह कोड भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# रोजगार, सुरक्षा और सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक पहल



श्रम कानून

रवि शंकर

वरिष्ठ पत्रकार

एक लंबे इंतजार के बाद देश के श्रम कानूनों में बदलाव किया गया है, जो कई तरह से ऐतिहासिक है। इसकी मांग दशकों से की जा रही थी। पुराने 29 श्रम कानूनों को अब इतिहास बनाते हुए उनकी जगह 21 नवंबर से देश में चार नए श्रम कोड लागू हो गए हैं। इसे श्रम सुधारों में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

ये कोड हैं- वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल स्थिति संहिता 2020। इनका मकसद कामगारों को सुरक्षित काम, समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा देना है। संसद ने ये चार लेबर कोड लगभग पांच साल पहले पारित कर दिए थे। लेकिन इन्हें अब जाकर लागू किया गया है। अब पूरे देश में संगठित और असंगठित क्षेत्रों के लिए श्रम कानून एक जैसे होंगे। इन संहिताओं का सबसे बड़ा उद्देश्य श्रमिकों के कल्याण को मजबूत बनाना, उद्योगों को सुगम कार्य-परिस्थिति देना, डिजिटल कार्य संस्कृति को औपचारिक मान्यता देना और गिग-प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे उभरते श्रमिक वर्ग को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इससे भारत की उत्पादन क्षमता, रोजगार गुणवत्ता, औद्योगिक सामंजस्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होगी। बहरहाल, इन कानूनों को लागू करते हुए केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। ऐसा मानना है कि ये बदलाव देश में रोजगार और औद्योगिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। नए श्रम कानूनों से देश के करीब 40 करोड़ कामगारों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज भी मिलेगी।

पहले देश में लागू श्रम कानून 1930-1950 के बीच के बनाए गए थे। उन कानूनों में श्रमिकों के आर्थिक हितों का ध्यान नहीं रखा गया था। लेकिन नए कानून इन बातों को ध्यान में रखा गया है। हालांकि, कई मजदूर संगठनों का आरोप है कि ये कोड कंपनी मालिकों को पहले से कहीं अधिक अधिकार देते हैं। खासकर छोटी और असंगठित कंपनियों में कामगारों का शोषण बढ़ेगा। दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन



**वास्तव में श्रम कानून का कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को सीमित कर दिया गया है।**

इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा। लेकिन एक बात साफ है कि मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन यानी दो महीने पहले नोटिस देना होगा।

अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? वहीं सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा, इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया है। असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है। कुछ पहलुओं को छोड़ दिया जाए तो नई श्रम संहिताएं आवश्यक संतुलन साधने में सफल दिखती हैं। ये बदलाव सिर्फ आज के कामगारों के लिए नहीं, आने वाले समय में काम की दुनिया बदलने की चुनौती के लिए हैं। दरअसल, श्रम सुधारों का यह नया ढांचा भारत के आर्थिक, डिजिटल और औद्योगिक भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला मॉडल है। यह सुधार न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान है बल्कि आने वाले दशकों में रोजगार परिदृश्य को स्थिरता, पारदर्शिता और सशक्तिकरण की नई दिशा देगा।

## संक्षेप

### किराना व्यापार मंडल ने अतिक्रमण के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

**सीओ सिटी को दिया मांग पत्र, अध्यक्ष बोले- सड़क पर बढ़ा अतिक्रमण**

सुलतानपुर, किराना व्यापार मंडल समिति ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की है। रविवार शाम पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक बैठक के दौरान, समिति के अध्यक्ष आलोक सागर के नेतृत्व में व्यापारियों ने सीओ सिटी सौरभ सामंत को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शाहगंज चौराहे से लेकर फूल वालों तक सड़क पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जिससे यातायात बाधित होता है। किराना मंडी, घंटाघर, चौक, ठठेरी बाजार और गल्ला मंडी जैसे प्रमुख बाजारों में भी जाम और अतिक्रमण के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि आम जनता जाम की समस्या के कारण इन बाजारों में आने से कतरा रही है।इसके बजाय, लोग बड़े मॉल्स में खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं, जहां पार्किंग की उचित व्यवस्था है और जाम की स्थिति नहीं होती, चाहे वे चार पहिया वाहन से ही क्यों न जाएं।

### आप का बीएलओ की मौत पर प्रदर्शन

**एसआईआर ड्यूटी में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि, शहर और कादीपुर में हुआ प्रोटेस्ट**

सुलतानपुर, आम आदमी पार्टी (आप) ने एसआईआर ड्यूटी के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की लगातार हो रही मौतों के विरोध में प्रदर्शन किया।शहर के चंद्रशेखर आजाद पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जबकि कादीपुर में भी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ। शहर में यह प्रदर्शन आप के जिला महासचिव राम विलास तिवारी के नेतृत्व में किया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने सबसे पहले शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आम आदमी पार्टी ने एसआईआर के तहत भारी कार्यभार के कारण बड़ी संख्या में बीएलओ की मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया। जिला महासचिव रामबिलास तिवारी और प्रदेश सचिव मो अख्तर ने बस स्टेशन स्थित आजाद पार्क में शोक सभा का आयोजन किया।

### रामपथ गमन पर लोहरामऊ ब्रिज की मरम्मत पूरी

**फिर भी बंद; मार्ग अवरुद्ध रहने से शहर में भीषण जाम, यात्री परेशान**

सुलतानपुर, राम पथ गमन पर स्थित लोहरामऊ रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत का कार्य पांच दिन पहले पूरा हो गया है।इसके बावजूद, पुल के दोनों सिरों पर मिट्टी का ढेर और बैरिकेडिंग लगाकर मार्ग को अभी भी अवरुद्ध रखा गया है।इस कारण अयोध्या-प्रयागराज और लखनऊ- बलिया मार्ग पर शहर के अंदर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर स्थित लोहरामऊ रेलवे ओवरब्रिज का गर्डर अक्टूबर माह में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसकी मरम्मत का कार्य 5 नवंबर को शुरू हुआ और बीते बुधवार को पूरा कर लिया गया।

# प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच।प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज में कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं आकर्षक आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय की प्रिंसिपल सौम्या स्टैनली के सक्षम मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रदर्शनी को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं स्नेहा सोनी, नूरी फातिमा, किरन मदेशिया, ज़िकरा फातिमा तथा मोहम्मद सैफ अंसारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय में सर्वप्रथम पहुँची श्रीमती शालू सोनी, आर्यन सोनी की अभिभावक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रदर्शनी में किंजल कश्यप,आतिफ अहमद, इशान




सोनी,नव्या अग्रवाल,सुप्रिया पाठक, मोहम्मद यूसुफ अंसारी, आयुष जायसवाल, अग्रिमा दीक्षित, अलकैफ रायनी तथा कनक पटवा इत्यादि सहित कक्षा 1 से 5 के लगभग सभी विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई और उत्साहपूर्वक अपने मॉडल प्रस्तुत किए।बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक समझ का आकर्षक प्रदर्शन करते हुए जल चक्र, सौर मंडल, ज्वालामुखी, ट्रैफिक सिग्नल, विंडमिल, पर्यावरण संरक्षण, पौधों के भाग, चुंबक के गुण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मॉडल, फेफड़ों का मॉडल, किडनी का मॉडल, रंग परिवर्तन, रासायनिक अभिक्रिया, पदार्थ की अवस्थाएँ, आदि जैसे प्रेरणादायी और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और विद्यालय की इस पहल की खुलकर सराहना की। पूरे आयोजन में उत्साह, नवाचार और वैज्ञानिक सोच का सुंदर वातावरण देखने को मिला।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अपराध निरोधक समिति टीम ने नवागत क्षेत्राधिकारी नानपारा से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों ने नवागत क्षेत्राधिकारी नानपारा से औपचारिक मुलाकात कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। समिति के जिला उप सचिव विनोद कुशवाहा ने बताया कि पूर्व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के स्थानांतरण के बाद उनके स्थान पर पहुप सिंह को नानपारा का नया क्षेत्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में समिति के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान समिति की ओर से नवागत क्षेत्राधिकारी का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद जिले तथा नानपारा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, कानून-व्यवस्था और स्थानीय



समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समिति ने अपने उद्देश्य, जनहित में किए जा रहे कार्यों और प्रशासन के साथ समन्वय की भूमिका के बारे में भी क्षेत्राधिकारी को अवगत कराया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी टिल्लू शर्मा, सादिक हुसैन, मोहसिन मलिक, पप्पू काजी तथा अशोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में भाई बहन गंभीर रूप से घायल



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना अंतर्गत देवलखा के निकट नेशनल हाईवे पर एक मोटरसाइकिल सवार को कार ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवकुमार यादव पुत्र रक्षाराम उम्र 40 वर्ष हुआ राम कुॅवारी पत्नी पवन कुमार निवासी रेवली जो आपस में भाई बहन हैं। कैसरगंज से मोटरसाइकिल पर सवार होकर बहराइच की ओर जा रहे थे तभी देवलखा के निकट विपरीत दिशा से आ रही एक कर ने उन्हें ठोकर मार दी जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालात को देखते हुए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया है। दुर्घटना के बाद कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया है।

# पुलिस एवं एसएसबी टीम की संयुक्त पेट्रोलिंग के दौरान 01 किलो 592 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा 42वीं वाहिनी एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने 01 किलो 592 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि रूपईडीहा एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा पर गस्त के दौरान एक अभियुक्त को संदिग्ध हालत में पिलर संख्या 651/01 से 100 मी की दूरी एक संदिग्ध व्यक्ति को नेपाल से भारत को ओर आते देखा गया और उसको पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से उपरोक्त अवैध चरस बरामद हुआ।पकड़े गए युवक की पहचान रणबहादुर सिंह पुत्र कली भर्द उर्म 52 वर्ष निज खास बारेकोट ग्रामीण नगरपालिका वार्ड नं 08 जिला जाजरकोट नेपाल राष्ट्र के




रूप में की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पर थाना रूपईडीहा में 8/20एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जनपद बहराइच न्यायालय रवाना कर दिया गया है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में रूपईडीहा थाना उपनिरीक्षक शेखर प्रसाद साहनी हेड कांस्टेबल स्वतंत्र विक्रम सिंह कांस्टेबल हेमंत कुमार वर्मा तथा एस एस बी की टीम में, सहायक उप निरीक्षक कुमार ऋतुराज, हेड कांस्टेबल शिवजी लाल गुर्जर कांस्टेबल दिनेश कुमार कांस्टेबल कुमारी सुनीता ,रंजन कुमारी , डॉग हैंडलर मोहम्मद फारूकमाय डॉग 679रैंकोएफ कंपनी42 बटालियन एसएसबी नानपारा शामिल थे।

# देर रात कार चालक को आई झपकी, कार गहरे खाई जा गिरी, पांच घायल



### एयरबैग खुला जिस कारण टल गई बड़ी अनहोनी

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर चौराहे से थोड़ा आगे निकट अल शिफा हॉस्पिटल के पास एक कार संख्या यूपी 32 पीवी 6820 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में बैठे हुए सभी लोग एयरबैग खुल जाने के कारण बच गए लेकिन गहरे खाई में कार गिरने के कारण घायल हो गए। बहराइच शादी समारोह से वापस जा रहे थे कैसरगंज कार सवार जिस जगह कार दुर्घटनाग्रस्त हुई उसी के सामने अलशिफा हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार करा कर घायल कार सवारों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना चालक को नींद आने के कारण बताया जा रहा है। कार सवार सभी लोग कैसरगंज निवासी फिरोज पुत्र जमाल उम्र 40 वर्ष, सायना पत्नी जमाल, 38 वर्ष, मोहम्मद शाद, पुत्र फिरोज 12 वर्ष, शमा पुत्री जमाल 35 वर्ष अलीशा पुत्री जमाल उम्र 16वर्ष है। बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल में पहुंचाया गया।

# लीलावती कुशवाहा ने एसआईआर पर सपा नेताओं से की बात

## समय सीमा बढ़ाने की मांग, कहा- 40 प्रतिशत फॉर्म नहीं बंटे

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने अमेठी दौरे पर समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से चर्चा की। उन्होंने एसआईआर फॉर्म भरने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की, क्योंकि अभी तक 40 प्रतिशत फॉर्म भी वितरित नहीं हो पाए हैं। गौरीगंज स्थित सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेठी की रकफ प्रभारी लीलावती कुशवाहा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा रकफ फॉर्म भरवाने के लिए दिया गया समय बहुत कम है। इस कारण लगभग 40 प्रतिशत फॉर्म न तो बांटे जा सके हैं और



न ही भरे गए हैं। कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जनता इस समय धान की कटाई, बुवाई, शादी-विवाह और अन्य आवश्यक कार्यों में व्यस्त है। इस व्यस्तता के कारण बूथ स्तर पर सत्यापन कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो लगभग 40 प्रतिशत लोग अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया के लिए कम से कम छह महीने का अतिरिक्त समय दिया जाए।

# स्व ठाकुर हुकुम सिंह के पुण्यतिथि पर विशेष आयोजन

**कैसरगंज की जनता हमेशा स्व ठाकुर हुकुम सिंह को याद करती रहेगी: मुकुट बिहारी वर्मा**

अमन लेखनी समाचार

सिराज अली कादरी

कैसरगंज, बहराइच। स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह के 54वी पुण्यतिथि के मुकद्दस मौके पर हुकुम सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण में विशाल आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कैसरगंज की जनता स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह को कभी भी भूल नहीं पाएगी। उनका कैसरगंज ही नहीं बहराइच जिले में विशेष योगदान रहा है। बहराइच के जिला अस्पताल का निर्माण कराया, बहराइच में किसान डिग्री इंटर कॉलेज की स्थापना की, यही नहीं कैसरगंज में शिक्षा से जूझ रहे लोगों को शिक्षा के प्रति लगाव



के लिए हुकुम सिंह इंटर कॉलेज की स्थापना की। संदीप सिंह विशेन ने अपने संबोधन में कहा कि मैं प्रपौत्र के रूप में जनता की सेवा के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। पुण्यतिथि के मौके पर कई स्कूली बच्चों को सम्मानित भी किया गया, सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया गया। इस मौके पर कैसरगंज विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, कार्यक्रम आयोजक सागरमल मामा, बुद्धसागर गुप्ता, डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह बिसेन, मौलाना खालिद, डॉक्टर विनय सिंह, नीरज श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी कैसरगंज बादशाह सिंह एवं कैसरगंज जिला के तमाम संभ्रांत गणमान्य नागरिक एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की कार से बाइक की टक्कर

## शाहजहांपुर में बाप-बेटा घायल, अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव की कार और एक बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोका और पुलिस को सूचना दी। यह घटना मदनापुर रोड पर एक मंदिर के पास हुई। कांट थाना क्षेत्र के औदापुर गांव निवासी गुलाब अपने बेटे अंकित के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे।शाहजहांपुर की ओर से कांट की तरफ जा रही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव की कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी



कि बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए।मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायलों के गांव के प्रधान भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की कार से बाइक की टक्कर हुई है। घायलों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने घायलों को पूरा इलाज कराने का आश्वासन दिया है ।

# दूल्हे की कार ने साइकिल सवार किशोरी को मारी टक्कर

## इलाज के दौरान तोड़ा दम, खेत मे मामा को खाना देने जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, एक सड़क हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के केशवपुर गांव में एक दूल्हे की तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार किशोरी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किशोरी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है। यह घटना शाहगढ़ ब्लॉक के दुबेपुर गांव की रहने वाली रिया रैदास (14) पुत्री राजीव के साथ हुई। रिया अपने नाना के यहां केशवपुर गांव आई हुई थी। आज दोपहर करीब 2 बजे वह साइकिल से खेत में काम कर रहे अपने परिजनों को खाना देने जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक दूल्हे की अज्ञात तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों और परिजनों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल किशोरी को मुसाफिरखाना सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने रिया को मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत के बाद परिजनों की स्थिति दुखद है। पुलिस ने पूरे मामले का संज्ञान लिया है और विधिक कार्रवाई में जुट गई है। वहीं पूरे मामले पर मुसाफिरखाना इंस्पेक्टर विवेक सिंह ने बताया कि अस्पताल से मेमो मिला था जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है मामले की जांच की जा रही है

# पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार', 9 आरोपी गिरफ्तार

## 5 किलो गांजा, 1.44 लाख नकद बरामद

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़, पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में विशेष टीमों ने चार अलग-अलग थानों से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा और 1,44,153 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस को अवैध मादक पदार्थों की बिक्री से संबंधित गोपनीय सूचनाएं मिली थीं। इन सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, प्रतापगढ़ के कोतवाली नगर, दिलीपपुर, फतनपुर और कंधई थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ संयुक्त धरपकड़ अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान कंधई पुलिस ने दो, फतनपुर पुलिस ने एक और दिलीपपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार



किया। नगर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा। कुल 9 गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कंधई थाना क्षेत्र का 65 वर्षीय रामसेवक शामिल है, जिसके खिलाफ 9 मुकदमे दर्ज हैं। फतनपुर थाना क्षेत्र के 41 वर्षीय राकेश सिंह के खिलाफ भी कई मुकदमे दर्ज हैं। नगर कोतवाली से गिरफ्तार दिलशाद उर्फ बबलू पर दो मुकदमे दर्ज हैं। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में बडे लाल रावत, रविशंकर, अरविन्द गौतम, अरुण कुमार शुक्ला और विश्वनाथ पाण्डेय शामिल हैं। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया, नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस टीमों की इस प्रभावी कार्रवाई से अवैध मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क पर महत्वपूर्ण अंकुश लगा है।

## संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर हुआ हादसा, किसी काम से हापुड़ की ओर जा रहा था**

मोदीनगर, मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा गांव किल्हौड़ा में रेलवे पुल के पास हुआ। मृतक की पहचान निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी विक्रांत कुमार के रूप में हुई है। विक्रांत देर रात किसी काम से हापुड़ की ओर जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने मृतक के पिता महेंद्र सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में, दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित ऋषभ विहार कॉलोनी के सामने गन्ने से लदी एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने अंतिम यात्रा वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ऋषभ विहार कॉलोनी निवासी राजपाल त्यागी का निधन हो गया था और परिजन उनकी अंतिम यात्रा की तैयारी कर रहे थे। जनपद हापुड़ के असौड़ा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह भी अंतिम यात्रा में शामिल होने आए थे। जब परिजन पार्थिव शरीर को अंतिम यात्रा वाहन में रख रहे थे, तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लोगों ने पीछा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

### शादी की खुशियों में आई चोर की छाया

**विवाह मंडप से बैग में रखे डेढ़ लाख रुपए चोरी, सीसीटीवी से सफाईकर्मी से बरामद**

मेरठ, खरखौदा कस्बे के एक विवाह मंडप से डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में सीसीटीवी फुटेज की मदद से बैग बरामद कर लिया और पीड़ित को लौटा दिया। यह घटना शनिवार रात रॉयल गार्डन विवाह मंडप में हुई। गाँव खंदावली निवासी अंजुल सिंह की बेटी आकांक्षा की शादी का समारोह चल रहा था। समारोह के दौरान दुल्हन के मामा का डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग कहीं छूट गया। बैग न मिलने पर सुबह पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई, जिसके बाद थाने में चोरी की तहरीर दी गई। डेढ़ लाख रुपये की चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। थाना प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत जांच शुरू की और चोरों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने विवाह मंडप में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक सफाई कर्मचारी सुबह के समय बैग ले जाते हुए दिखाई दिया। पीड़ित अंजुल सिंह ने फुटेज देखकर बैग की पहचान की। पुलिस ने तत्काल सफाई कर्मचारी से संपर्क किया और उसे थाने बुलाया। पूछताछ में सफाई कर्मचारी ने बताया कि उसे बैग मंडप की सफाई के दौरान मिला था, जिसे वह अपने घर ले गया था। पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये सहित बैग पीड़ित को सौंप दिया।

# जिलाध्यक्ष ने एस आई आर के प्रति छेड़ी मुहिम

## जगह-जगह जाकर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान एस आई आर के तहत संपूर्ण जनपद में जागरूकता अभियान चलाते हुए जगह-जगह पदाधिकारियों से मुलाकात की जनपद के खजुहा विकासखंड देवमई विकासखंड के जहानाबाद विधानसभा समेत भ्रमण करते हुए जिला अध्यक्ष की टोली अमौली विकासखंड कस्बे में स्थापित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंची कार्यालय अंतर्गत मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता की अगुवाई में संगोष्ठी आयोजित की गई जहां पहुंचते ही मंडल अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव जिला मंत्री रेखा मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों का अंग वस्त्र माल्यार्पण बैच अलंकरण करते हुए भव्य स्वागत किया वही मंडल अध्यक्ष ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट करते हुए जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदि की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किया मंडल कार्यालय में उपस्थित सैकड़ो की संख्या में बूथ प्रमुख सेक्टर प्रभारी तथा मतदाताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विषय में विस्तृत जानकारियां देते हुए सभी को जागरूक किया वहीं उपस्थित पार्टी के कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए इस मुहिम में सभी क्षेत्रीय बीएलओ का सहयोग करने के लिए अपील की मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव रज्जन लाल त्रिवेदी राम भक्त वर्मा रामस्वरूप आदि को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा डॉक्टर उत्प्रेक्षा त्रिवेदी पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम रणधीर सिंह मनु मिश्रा शैलेंद्र सिंह सत्य प्रकाश शुक्ला शिव शंकर तोमर अशरफ खान शिवा गुप्ता गौरी शंकर अवस्थी टैया सिंह सोमेश्वर पटेल पूर्व ब्लाक प्रमुख सुतीक्ष्ण सिंह लाल सिंह सूर्यवंशी देवेंद्र अवस्थी अनुज सिंह समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय समाजसेवी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

# इंस्टाग्राम से दोस्ती, दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडियो, 3.5 लाख हड़पे

## आज निकलनी है आरोपी युवक की बारात

अमन लेखनी समाचार



वृन्दावन की रहने वाली एक विवाहित महिला ने सोशल मीडिया पर दोस्त अश्लील वीडियो बनाने और साढे तीन लाख रुपए की ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि आज आरोपी युवक की बारात निकलनी है, इससे पूर्व उसने पुलिस कप्तान से मिलकर उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर के कोसीघाट क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि करीब एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम पर उसकी पानीगांव राजपुर के रहने वाले एक युवक से दोस्ती हुयी थी, इसके करीब एक माह बाद युवक ने उसे गैस्ट हाउस में बुलाया और चाय पिलाने के बहाने नशीला पदार्थ मिलाकर मेरे साथ दुष्कर्म किया और मेरी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। इसके बाद इसने मुझे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और कई बार दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि युवक ने मुझे ब्लैकमेल किया और अलग-अलग तारीखों में कुल करीब 3.50 लाख रुपये मुझसे वसूल लिये लेकिन जबरन वसूली और धमकियां बंद नहीं हुईं। महिला का आरोप है कि आरोपी युवक गत 29 नवंबर को किसान यूनियन के एक पदाधिकारी और कुछ अन्य लोगों को लेकर मेरे घर आया और मेरे पति को जान से मारने की धमकी दी कि यदि वह दीपक के साथ रहने के लिए तैयार नहीं हुई तो उसके पति को जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसी दिन रात में ये लोग फिर आये और उसे जबरदस्ती बीएसएसएस कॉलेज के पास रहने वाले अपने एक साथी के घर ले गये। यहां इन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ पुनः दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह वहां से बचकर भाग आयी। महिला का कहना है कि उसने घटना की रिपोर्ट थाना वृन्दावन में दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महिला का कहना है कि आरोपी को इसकी सजा मिलनी चाहिये, आज उसकी शादी है। उसने पुलिस अधिकारियों से न्याय दिलाने की मांग करते कहा कि आरोपी युवक की शादी न हो और उसके इसकी सजा भी मिले क्योंकि उसने मेरी जिंदगी खराब की है।

# पीड़ित महिला पहुंची एसएसपी कार्यालय परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**चचिया ससुर सहित दो अन्य पर लगाया छेड़खानी सहित मारपीट का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

जनपद मथुरा के थाना बलदेव के अंतर्गत आने वाले गांव नौहा कंजौली घाट की रहने वाली पीड़ित महिला ने अपने ही परिजन यानी चचिया ससुर सहित तीन अन्य पर छेड़खानी सहित मारपीट का आरोप लगाते हुए बताया कि सुबह लगभग 5:30 बजे में शौच के लिए जा रही थी इस दौरान मेरे पड़ोसी चचिया ससुर सहित दो अन्य लोगों ने मुझे कसके पकड़ लिया और गंदी नियत से छेड़खानी करने लगे मेरे विरोध करने पर उन लोगों ने मेरे साथ बुरी तरह मारपीट की और मुझे घायल कर दिया शोर मचाने पर वो लोग मौके से भाग निकले इस मामले में पीड़ित महिला के पति ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की सुबह मेरे पड़ोसियों के द्वारा मेरी पत्नी से छेड़खानी की गई जिसका विरोध करने पर मेरी पत्नी को पीट पीट कर घायल कर दिया मेरे द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना गई जिसकी शिकायत थाना बलदेव में दर्ज है मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया गया है उसके बावजूद न्याय न मिलने पर पीड़ित महिला अपने पति एवं परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है



# डीएम ने की अपील SIR फॉर्म जल्द करें कंप्लीट

## आप अब भी कटने से बचा सकते है मतदाता सूची में अपना नाम

**6-7 दिसंबर को बूथों पर लगेगा महाअभियान**

**मथुरा में रकफ अभियान में अब तक 73.27 प्रतिशत फॉर्म फीड, मांट नंबर 1 पर है**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में मथुरा जनपद के मतदाता तेजी से हिस्सा ले रहे हैं। जिले में मतदाताओं के फॉर्म कम्प्यूटरीकृत कर दिए हैं, जो टोटल वोट का 73.27 प्रतिशत भागीदारी को दशार्ता है।मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि अभियान अब अंतिम चरण में है। जो मतदाता अभी तक फॉर्म जमा नहीं कर सके हैं वह 6 दिस. शनिवार व 7 दिसंबर रविवार को मतदान केंद्रों पर आयोजित महा कैम्प में जमा कर सकते है ।मतदाता यहां पहुंचकर अपना एसआईआर फॉर्म जमा कर मतदाता सूची से नाम कटने से बच सकते हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि सभी विधानसभाओं में फॉर्म जमा करने की स्थिति संतोषजनक है।पत्रकार वार्ता में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह से उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार के बारे में पूछा तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी बीएलओ व सुपरवाइजर मेरे जिगर का टुकड़ा है उनके सुख दुख मेरा है कार्य पूर्ण हो जाने पर सबको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एस आई आर पर बोलते हुए जिला अधिकारी ने बृजवासियों से अपील की कि वह अपना गणना पत्र जल्द से जल्द भरकर अपने बीएलओ को दें अगर मतदाता के पास फोटो नहीं है तो बिना फोटो के तथा बिना किसी डॉक्यूमेंट के अपने बी एल ओ को जमा कर दें आवश्यकता पड़ने पर अंतिम तिथि के बाद सूचना देकर मतदाता से जरूरी प्रपत्र को मांग लिया जाएगा इसलिए सभी मतदाता अपने गणना पर पत्र में अपना मोबाइल फोन नंबर जरूर अंकित करें

# सफाई कर्मचारियों का मथुरा स्थानांतरण पर हुआ विरोध तेज



अमन लेखनी समाचार

वृंदावन। धार्मिक नगरी वृंदावन की सीमा क्षेत्र में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को मथुरा स्थानांतरण किए जाने का विरोध तेज होता जा रहा है। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर एकता मंच के बैनरतले सैकडो सफाई कर्मचारियो ने गौरानगर स्थित बाल्मिकी बगीची में बैठक कर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। गुस्साए लोगो का कहना था कि वह वृंदावन के रहने वाले है, ऐसे में अगर उन्हें वृंदावन की सीमा से बाहर भेज दिया गया तो उन्हें तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें अधिकांश परेशानी महिलाओ और बुजुर्गो को होंगी। इस दौरान महेश काजू ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्या को लेकर कई बार निगम अधिकारियों को अगवत कराया जा चुका है। लेकिन निगम अधिकारी अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए है।उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को मथुरा नहीं भेजा जाएगा, अगर कर्मचारियों को जबरन स्थानांतरण कर मथुरा भेजा गया तो वह कर्मचारियो को साथ लेकर हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

# किसानों की समस्याओं पर भाकियू लोक शक्ति ने सौंपा ज्ञापन

**यमुना कटान, प्रदूषण और कब्जे का मुद्दा उठाया, अधिकारियों ने आश्वासन दिया**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति (भाकियू लोक शक्ति) के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इन समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। भाकियू लोक शक्ति के प्रधान महासचिव राकेश आर्य के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के कटान से किसानों की हजारों बीघा फसलें बर्बाद हो गई हैं, लेकिन अभी तक उन्हें इसका मुआवजा नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त, पाली गांव में बागपत मिल से निकलने वाला गंदा पानी खेतों में पहुंच रहा है, जिससे फसलें खराब हो रही हैं। किसानों ने कई बार शिकायतें की हैं, लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। किसानों ने यह भी बताया कि यमुना नदी के कटान के कारण बागपत के किसानों की कुछ जमीनें हरियाणा के हिस्से में चली गई हैं, जिन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। किसानों ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है,

तो वे आगे की रणनीति पर विचार करेंगे और जल्द ही एक धरना प्रदर्शन की तैयारी करेंगे। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया है।

# जुआ सट्टेबाजों की प्रताड़ना से युवक ने लगाई फांसी. मौत

अमन लेखनी समाचार

मथुरा जिले की छाता तहसील के गांव खायरा में आज एक युवक ने जामुन के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी है मृतक ईश्वर दयाल पुत्र शिवराम उर्फ सिब्बो तीन भाई दो बहने हैं जो कि ईश्वर दयाल सहित तीनों भाई अभी कुंआरे हैं बहनों की शादी हो चुकी है अचानक हुई घटना से परिवार वालों व नाते रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल है गांव में इस अनहोनी के कारण मातम छाया हुआ है हर तरफ इस घटना से आहत होकर महिला और पुरुष युवा जुआ सट्टे वालों को कोस रहे हैं और बुरी बुरी गालियां देकर अपना रोष व्याप्त कर रहे हैं मृतक के भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के ही कुछ लोग कई सालों से जुए का काम कर रहे है उन्होंने मेरे भाई को भी इस गलत कार्य में धकेल दिया ।लगभग कई साल से गांव में जुआ सट्टा चल रहा है। जिसके कारण मेरे भाई पर बहुत कर्जा हो गया। और कर्ज वाले रोज दरवाजे पर आने लगे ।कहीं न कहीं इसी कारण से आज मेरे भाई ने पेड़ पर लटक कर अपनी जान दे दी है मेरे भाई सहित इस गांव के काफी युवा जुआ सट्टे की चपेट में आए हुए हैं जिससे उनका जीवन अंधकार में दिखाई दे रहा है



# 25 हजार का इनामी शूटर पुलिस मुठभेड़ में जख्मी

अमन लेखनी समाचार



बलदेव एसओजी व थाना बलदेव पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 25000 रुपए का ईनाम घोषित अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरा एवं भाड़े पर हत्या करने वाला शूटर पवन उर्फ यशवीर उर्फ बंदर पुत्र पूरन सिंह जिसके द्वारा गत 30 जुलाई को एक बुजुर्ग की गोली मार कर नृशंस हत्या कर दी थी जिससे संबंधित मुकदमा थाना बलदेव पर पंजीकृत हुआ। कल शातिर लुटेरे को मुठभेड़ के दौरान घायल होने पर गिरफ्तार किया गया, जिसमें बदमाश के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हुआ। जिनके कब्जे से एक बॉलरों पिकअप बिना नंबर प्लेट तथा भारी मात्रा में असलाह कारतूस बरामद हुये। घायल अभियुक्त को उपचार के लिये सरकारी अस्पताल भेजा गया। इसकी गिरफ्तारी यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन नम्बर 140 पर बने अंडरपास के पास थाना क्षेत्र बलदेव में हुई। पुलिस ने बताया कि इसबदमाश ने गत 30 जुलाई को विनोद कुमार के साथ मिलकर विनोद के पिता रघुवीर सिंह को उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह अपने दूसरे पुत्र उदयवीर की बीमारी का पता लेने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह एवं प्रीति पुत्री विनोद कुमार पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके थे। परंतु अभियुक्त पवन उर्फ यशवीर उर्फ बंदर पुत्र पूरन सिंह निवासी बटपुरा थाना सहपाऊ जिला हाथरस से फरार चल रहा था

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, कंटेनर ट्रक से टकराया

**ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत, कंपनी का सामान लेकर आगरा**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा, दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा एक कंटेनर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक सोनू शर्मा (निवासी हाथरस) केबिन में गंभीर रूप से फंस गया। पुलिस ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सोनू शर्मा के चाचा राजकुमार शर्मा ने दनकौर कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ देर रात एफआईआर दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, सोनू मुरादनगर निवासी एक व्यक्ति के कंटेनर को चला रहा था और कंपनी का सामान लेकर आगरा की ओर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया। इस हादसे में कंटेनर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खरखौदा में 8 बीघा फसल चोरी

## 12 बीघा पर जुताई का आरोप, किसान ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, खरखौदा क्षेत्र के खासपुर गांव में एक किसान ने अपनी 20 बीघा फसल चोरी और जुताई का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान ने पांच नामजद और सात अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। किसान के अनुसार, इस घटना से उसे करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पंकज कुमार त्यागी पुत्र मंगू सिंह त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुबह छह बजे जब वह अपने खेतों पर गए, तो उन्होंने देखा कि उनकी और उनके परिजनों की करीब 4 बीघा गन्ने और 4 बीघा गोभी की फसल चोरी हो चुकी थी।

इसी दौरान, उन्होंने पाया कि आलू, धनिया और गेहूं की 12 बीघा खड़ी फसल को कुछ लोग तीन ट्रैक्टरों से जोत रहे थे। किसान ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। पास जाकर देखने पर पंकज कुमार ने करुणेश पुत्र इन्दराज निवासी खासपुर गांव, अमित पुत्र महेंद्र, महेंद्र, चमन, चरण सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी कूड़ी गांव और छह-सात अज्ञात लोगों को मौके पर खड़ा पाया, जो फसल जुतवा रहे थे। जब किसान ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से हमला किया और भागने पर जान से मारने की धमकी दी।

थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# छपरौली की महिलाओं में बढ़ी जागरूकता

**पुलिस टीम ने बताए आत्मरक्षा और शिकायत के तरीके**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, थाना छपरौली की मिशन शक्ति टीम ने कस्बे में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने बाजार, बस स्टैंड, स्कूलों के आसपास और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उपनिरीक्षक रविन्द्री श्योरान के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला थाने का सीधा नंबर शामिल थे। टीम ने उन्हें कठिन परिस्थितियों में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान, टीम ने महिलाओं को साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग कॉल और सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी। उन्हें किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने और अजनबी कॉलर को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने के लिए कहा गया। टीम ने मौके पर मौजूद महिलाओं, छात्राओं और स्थानीय दुकानदारों को जागरूकता पम्पलेट भी वितरित किए। इन पम्पलेटों में सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों का उल्लेख था। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसी गतिविधियों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र की महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि, उत्पीड़न, छेड़छाड़ या साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत पुलिस को दें। टीम ने आश्वासन दिया कि पुलिस हमेशा महिलाओं की सहायता के लिए तत्पर है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



# छात्राओं ने शिक्षिकाओं पर उत्पीड़न का आरोप लगा प्रदर्शन किया

## दो शिक्षिकाओं पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के बाजार शुकुल स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने दो शिक्षिकाओं पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। छात्राओं के साथ उनके परिजन भी मौके पर मौजूद रहे। यह प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला।छात्राओं ने विद्यालय की शिक्षिकाओं आर्यना बोध और रंजना देवी पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।कक्षा 2 और कक्षा 6 की छात्राओं, जिनमें आंशी शुक्ला, रौशनी साहू, शिवानी चौरसिया, नंदनी सरोज, दिव्यांशी और आर्या शामिल हैं, ने थानाध्यक्ष को एक प्रार्थना पत्र भी सौंपा है।छात्राओं का आरोप है कि दोनों शिक्षिकाएँ अन्य सहपाठी छात्राओं को उकसाकर उनसे गाली-गलौज और मारपीट करवाती हैं, जिससे वे शांति से पढ़ाई नहीं कर पा रही हैं।प्रार्थना पत्र में छात्राओं ने यह भी बताया कि शिक्षिकाओं का विद्यालय की प्रिंसिपल से मनमुटाव चल रहा है। छात्राओं का दावा है कि शिक्षिकाएँ इसी मनमुटाव का असर बच्चों पर निकाल रही हैं। हाल ही में हुई एक जांच में छात्राओं द्वारा सही जानकारी दिए जाने के कारण शिक्षिकाएँ उनसे बदले की भावना रखती हैं।मामले की जानकारी मिलने के बाद नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल और शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे। वे नाराज बच्चियों और उनके परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं।

# सहकारिता ही बनेगी गाँव का विकास मॉडल :डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

## इटौरा सहकारी समिति में वार्षिक आम सभा सम्पन्न, किसानों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार



अकबरपुर इटौरा, जालौन। बहुउद्देशीय सहकारी समिति इटौरा की वार्षिक आम सभा का आयोजन आज उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।इस आम सभा में समिति के सदस्यों, किसानों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारिता से जुड़े नवीन अवसरों, योजनाओं तथा समिति की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा से अवगत कराना था।सभा में किसानों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में समिति से जुड़कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वार्षिक आम सभा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह पिछले वर्ष की उपलब्धियों, चुनौतियों, पारदर्शिता और भविष्य की योजनाओं का सामूहिक आकलन है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद समितियों के कार्यक्षेत्र का विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि आज सहकारी समितियाँ सिर्फ खाद-बीज वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जन औषधि केंद्र, डिजिटल ग्राहक सेवा केंद्र, कस्टम हायरिंग सेंटर, महिला स्व-सहायता समूहों के सहयोग, कृषि आधारित उद्यमों सहित कई आय जनक गतिविधियों में योगदान दे रही हैं। डॉ. जादौन ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सहकारिता व्यवस्था के माध्यम से छोटे किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। समिति के सभापति अमित इतिहास ने कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक ऐसी लोकहितैषी सोच है जहाँ लाभ के साथ-साथ जिम्मेदारी भी साझा की जाती है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में पारदर्शिता, जवाबदेही और सामुदायिक विकास की भावना सर्वोपरि रहती है।उनके अनुसार, यदि प्रत्येक किसान सहकारिता से जुड़े तो गाँवों की आर्थिक स्थिति अत्यंत सशक्त बन सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश गौतम ने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को मजबूत बनाना तथा गाँव की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर दिशा में अग्रसर करना है। उनके अनुसार सहकारिता से शोषण का अंत, पारदर्शिता, सामाजिक जुड़ाव, समानता और न्याय की भावना मजबूत होती है। सभा को एडीओ कोऑपरेटिव डी.पी. गुप्ता, पवन चौहान, डॉ. नीतू द्विवेदी, श्याम करण प्रजापति, सुधाकर चतुर्वेदी, जीतेन्द्र द्विवेदी, महेन्द्र पाण्डेय सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने सहकारिता आंदोलन को गाँव के विकास का मजबूत स्तंभ बताया और किसानों को समिति की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन देव सिंह सेंगर द्वारा किया गया। अंत में, किसानों और ग्रामीणों ने सहकारिता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लिया। वार्षिक आम सभा में सैकड़ों किसानों की उपस्थिति ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया कि सहकारिता आंदोलन को ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बने समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी

## सैकड़ों कन्याओं के विवाह में दिया सहयोग, तैयारियों से विदाई तक निभाई मानवता की अद्भुत मिसाल



अमन लेखनी समाचार

झाँसी। समाजसेवा को अपने जीवन का मूल धर्म मानने वाले समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी वर्षों से महिलाओं और कन्याओं के सम्मान, उत्थान और विवाह में सहयोग के लिए सतत कार्य कर रहे हैं।विगत कई वर्षों में उन्होंने सैकड़ों कन्याओं के विवाह में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से योगदान देकर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

डॉ. सरावगी न केवल विभिन्न सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हुए, बल्कि कई गरीब और जरूरतमंद परिवारों की व्यक्तिगत शादियों में भी सहयोग प्रदान किया। कई परिवार आर्थिक स्थिति के कारण अपनी बेटियों का विवाह धूमधाम से नहीं कर पाते, ऐसे में डॉ. संदीप ने आगे आकर न केवल सहायता दी बल्कि 'बेटियाँ बोझ नहीं, सम्मान हैं' का संदेश समाज में मजबूत किया।

### कन्याओं की तैयारी से विदाई तक- हर जिम्मेदारी निभाई

डॉ. संदीप द्वारा सैकड़ों कन्याओं को ब्यूटी पार्लर से तैयार करवा कर उनके विवाह की खुशी को और अधिक सुंदर बनाया गया।इसके बाद उन्होंने अपने कार्यालय से ही बड़ी आत्मीयता के साथ कन्याओं को ट्रोली बैग, किचन सेट, कंबल, साड़ी और अन्य आवश्यक उपहार देकर पैर पखारकर विदा किया। उनकी यह पहल सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि पिता-सरीखी जिम्मेदारी को निभाने जैसा भावनात्मक उदाहरण मानी जाती है।

### महिला सशक्तिकरण को समर्पित प्रयास

डॉ. संदीप सरावगी का मानना है कि समाज तभी मजबूत बन सकता है जब उसकी बेटियाँ सुरक्षित, सम्मानित और समर्थ हों।इसी सोच के साथ वे न केवल विवाह में सहयोग करते हैं, बल्कि महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का निरंतर कार्य करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके द्वारा दिए गए सहयोग ने कई परिवारों में सुख और उम्मीद की रोशनी जगाई है।कई बेटियाँ आज अपने नए जीवन की शुरूआत केवल डॉ. संदीप के सहयोग से कर पाईं।

### समाज में संवेदना और सेवा की पहचान

डॉ. संदीप सरावगी की समाजसेवा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि करुणा, संवेदना और मानवीयता से भरी है।कन्याओं के विवाह की तैयारी से लेकर विदाई तक उनकी सहभागिता समाज में उन लोगों के लिए बड़ी प्रेरणा है जो सेवा की भावना से कार्य करना चाहते हैं।

### बेटियों के संरक्षक के रूप में उभरा नाम

समाज में यह चर्चा आम है कि 'जहाँ बेटी की शादी में चिंता हो, वहाँ डॉ. संदीप सरावगी का सहयोग उम्मीद की किरण बनकर पहुँचता है।' समाजसेवी डॉ. संदीप का यह कार्य उनके मानवीय स्वभाव और महिलाओं के प्रति संवेदनशील सोच को दशार्ता है। उन्हें समाज के लोगों द्वारा 'बेटियों के संरक्षक' के रूप में भी देखा जाने लगा है।

# गुरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 'दलाली का राज', मरीज परेशान; पर्चे से 'रेट फिक्स'




अमन लेखनी समाचार

गुरसराय, झाँसी। गुरसराय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में इन दिनों कथित तौर पर दलालों का बोलबाला है, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं को एक व्यवसाय में बदल दिया है। स्थानीय लोगों और मरीजों के मुताबिक, केंद्र के अंदर और बाहर सक्रिय ये दलाल स्वास्थ्य सेवाओं के हर स्तर पर मरीजों से अवैध वसूली कर रहे हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### कैंटीन से होता है 'खेल' का आरंभ

सूत्रों के अनुसार, दलाली का यह संगठित खेल CHC परिसर के अंदर खुली कैंटीन से शुरू होता है। बताया जा रहा है कि यह कैंटीन अब अवैध गतिविधियों के संचालन का मुख्य केंद्र बन गई है, जहाँ से पूरे नेटवर्क को संचालित किया जाता है।

### पर्चे और बाहर की दवाओं में धांधली

मरीजों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में साधारण ओपीडी पर्चे बनवाने से लेकर दवाओं के पर्चे बाहर मेडिकल और पैथलॉजी से महंगी जांच तक, हर जगह दलालों ने अपने 'रेट' तय कर रखे हैं।यही नहीं सरकारी अस्पताल में पर्चे बनाने तक का काम दलाल कर रहे हैं यदि कोई व्यक्ति दलाल के माध्यम से काम नहीं कराता, तो उसे जानबूझकर परेशान किया जाता है या उसके काम में अनावश्यक देरी की जाती है। इन दलालों की अवैध कमाई का जरिया बन गई है।

### बाहर की महँगी दवाएँ लिखने का दबाव

शिकायत के अनुसार, CHC के अंदर पर्याप्त मात्रा में दवाइयाँ उपलब्ध होने के बावजूद, मरीजों को जानबूझकर बाहर की महँगी दवाएँ खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। यह आरोप लगाया गया है कि यह सब दलालों और कुछ निजी मेडिकल स्टोर के गठजोड़ का परिणाम है, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

### स्थानीय प्रशासन से कार्रवाई की माँग

गुरसराय के नागरिकों ने ज़िलाधिकारी (DM) और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), झाँसी से तत्काल इस मामले का संज्ञान लेने और CHC में सक्रिय दलालों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की पुरजोर माँग की है।

# एक बार फिर बिटिया की शादी में मदद के लिए आगे आई जन कल्याण सेवा समिति

## समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत ने मित्रो के सहयोग से बिटिया की शादी में कराया 20 हजार की मदद

अमन लेखनी समाचार

जनपद सुल्तानपुर जिले के बहुचर्चित समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत ने मानवता और बेटी के प्रति अपनापन की एक अनोखी मिसाल पेश की है।जन कल्याण सेवा समिति परिवार के सनी सिंह के माध्यम से सूचना 'विधवा मां की पुकार बेटी की शादी में हाथ बढ़ाने की अपील' को सुनकर अखिलेश सिंह पर्वत और जन कल्याण सेवा समिति परिवार के सदस्यों का दिल पसीज गया।अभी 15 दिन पहले लड़की के पिता मकई प्रजापति का निधन हो गया था।जिससे बिटिया की शादी पर संकट मंडरा रहा था।एक बार बिटिया की शादी में जन कल्याण सेवा समिति परिवार ने मदद कर सिद्ध कर मानवता अभी भी जिंदा है और किसी बेटी की शादी पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी।बस इसी अपील को स्वीकार करते हुए अखिलेश सिंह पर्वत और सनी सिंह ने जन कल्याण सेवा समिति परिवार के सदस्यों के सहयोग से विवाह के दो दिन पूर्व सुबह-सुबह कसमऊ कटका सुल्तानपुर बिटिया की शादी के लिए साड़ी और 20 हजार की आर्थिक मदद लेकर उनके घर पहुंच गए जब लड़की के विधवा मां ने दरवाजे पर



अखिलेश सिंह पर्वत और सनी सिंह को देखी तो तो उनकी आंखें भर आईं। अखिलेश सिंह पर्वत और सनी ने मुस्कुराते हुए कहा, जैसे मेरी अपनी बहन की शादी है। बस इतना भर कर पाया,बहन को आशीर्वाद देना।इस मुहिम में सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से सनी सिंह ललित कुमार शुक्ला रणजीत तिवारी दिलीप कुमार यादव दुर्गेश कुमार जवाहर लाल यादव राम बहादुर राम बहादुर पाल संतोष पांडेय मिथलेश सिंह जमखुरी अनिल सिंह विनय दूबे मनीष कुमार साहू शिव पूजन तिवारी वंदना रणजीत तिवारी त्रियुगी बहादुर सिंह तोयज तिवारी अखिलेश तिवारी दीपक सिंह रोहित तिवारी राजा बाबू अमित सिंह अमित मिश्रा त्रिवेणी द्विवेदी सत्यम दुबे राम जीत मौर्य आदि लोगों ने बढ़चढकर सहयोग किये।आपको बताते चले अखिलेश सिंह पर्वत के नेतृत्व निरंतर सामाजिक कार्य किया जा रहा है।अब तक जन कल्याण सेवा समिति परिवार के जन सहयोग 29 लड़कियों की शादी में मदद कराया जा चुका है।

# सामान न खरीदने पर दुकानदार ने ग्राहक को पीटा

## युवक गंभीर घायल लाठी-डंडों से हमला, सिर में लगी चोट

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के कोतवाली क्षेत्र स्थित सराय शाह गांव में एक दुकानदार द्वारा युवक की पिटाई का मामला सामने आया है।युवक दूसरी दुकान से सामान खरीदकर लौट रहा था, जिस पर दुकानदार ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। घायल विजय कुमार ने बताया कि वह अपने बच्चे के लिए दूसरी दुकान से खाने का सामान (चूरमुरे) खरीदकर लौट रहा था।इसी दौरान पहली दुकान के दुकानदार ने उससे पूछा कि उसने उससे सामान क्यों नहीं खरीदा।विजय के अनुसार, उसने जवाब दिया कि वह उसी रास्ते से लौट रहा था, इसलिए दूसरी दुकान से सामान ले लिया। आरोप है कि दुकानदार ने जबरन विवाद खड़ा कर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। मारपीट में



विजय के सिर में गंभीर चोटें आईं। विजय किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन घायल विजय को अमेठी सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया और पुलिस को सूचना देने की सलाह दी इलाज के बाद विजय ने अमेठी कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पार करते समय बच्ची घायल



अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बगाही मौजा के ग्राम आरिकपुर डेरा में मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सड़क पार करते समय एक दस वर्षीय बच्ची हादसे का शिकार हो गई। नंदनी पुत्री अनिल को एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची के पैर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां ट्रामा सेंटर के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक केडी शर्मा की निगरानी में उसका थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप

## आरोपियों की गिरफ्तारी और धाराए बढ़ाने की मांग

### पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में एक किशोरी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और पैसे वसूलने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और मामले में संबंधित धाराएं बढ़ाने की मांग की है।पीड़िता गोसाईगंज थाना क्षेत्र की निवासी है। उसने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के एक युवक ने पिछले चार साल से उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया।इस दौरान वह गर्भवती भी हुई, जिसके बाद आरोपी ने उसे गर्भपात की दवा दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे धीरे-धीरे लगभग दो लाख रुपये भी वसूले।बाद में आरोपी कमाने के



बहाने विदेश चला गया। अब वह वापस लौट आया है और दूसरी लड़की से शादी करने की योजना बना रहा है। सोमवार को पीड़िता अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। उसने गोसाईगंज थाने में दर्ज मुकदमे में अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।


### पीड़िता की मांग

पीड़िता ने यह भी मांग की है कि जांच के दौरान अभियुक्तों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 313 (गर्भपात कराना), 376 (बलात्कार), 406 (विश्वास का आपराधिक हनन), 504 शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी के साथ अन्य संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएं।

# नीलगाय से टक्कर, एक युवक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी-सुलतानपुर राजमार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना भेटुआ ब्लाक अन्तर्गत परतोष वाइन शॉप के पास हुई।जानकारी के अनुसार, सुलतानपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अर्टिका कार (UP-44 BT-9929) से एक नीलगाय टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलगाय हवा में उछलकर सामने से आ रही स्प्लेंडर बाइक (UP-36 K-1723) पर जा गिरी।बाइक पर तीन युवक सवार थे, जो धम्मौर में हलवाई का काम करने जा रहे थे। नीलगाय के गिरने से तीनों युवक घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार मनोज कुमार (20) पुत्र स्वर्गीय लल्लन, निवासी मल्हूपुर, संग्रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी धीरज कुमार (23) पुत्र मथुरा प्रजापति और विशाल कुमार (17) पुत्र छोटेलाल कश्यप, दोनों निवासी संग्रामपुर, गंभीर रूप से घायल हो गए



**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

# ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।'अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन





भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।

## डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

## बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



## खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

## विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी


विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

## इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

## बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी।




# भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश

**कृति आर. के. जैन**



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है।

सजेशन

**मधु सिंह**

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

# क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!

सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।

**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सके। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।



### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं।



हेयर केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल

सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।



**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।

**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें।


एडवाइस

**प्रतिभा अग्निहोत्री**

# जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।

इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-



**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें।